## कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक, स्वास्थ्य अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

# चिकित्सक संवेदनशीलता के साथ नागरिकों को प्रदाय करें स्वास्थ्य सेवाएंः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर हरेंद्र नारायन की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा करते हुए जिले में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त करते हुए सुरक्षित मातृत्व के लिए किए जा रहे प्रयासों में सामने आ रही कमियों की गहन समीक्षा की गई। आगे जिले में मातृ मृत्यु की एक भी घटनाएं ना हों, इसके लिए पुख्ता कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री नारायन ने कहा कि चिकित्सकों की सेवाएं सीधे मानव स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ी हैं, इसीलिए सभी चिकित्सक आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय करते समय पूरी संवेदनशीलता बरतें।

### सिकल सेल प्रभावित शत- प्रतिशत मरीजों का एक सप्ताह में बनाएं यूडीआईडी

नेशनल सिकल सेल एनीमिया एलिमिनेशन प्रोग्राम की समीक्षा में पाया गया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत स्क्रीनिंग लक्ष्य 108000 को पूरा कर लिया गया है। जिसमें सिकल सेल के कैरियर 776 और मरीज 254 चिन्हांकित किए गए हैं। लेकिन अभी तक केवल 121 मरीजों का यूडीआईडी कार्ड बन पाए हैं। जिस पर कलेक्टर श्री नारायन ने सभी बीएमओ को सख्त निर्देश दिए कि रैपिड किट टेस्टिंग में चिन्हांकित मरीजों के एच.पी. एल.सी कन्फर्मेशन टेस्टिंग के लिए संबंधितों के ब्लड सैंपल आगामी 2 दिनों के अंदर जिला अस्पताल पहुंचाना सुनिश्चित करें। जिससे एक सप्ताह के अंदर सभी सैंपलों की कॉन्फिशन टेस्टिंग कर यूडीआईडी जनरेशन का कार्य किया जा सके और स्पर्श पोर्टल पर मैपिंग उपरांत मरीजों को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाया जा सके। कलेक्टर श्री नारायन ने टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए फूड बास्केट की व्यवस्था के लिए और अधिक प्रयास कर गैप को कम करने के निर्देश दिए।

**डेटा में सुधार के निर्देश** - कलेक्टर ने बैठक के दौरान प्रस्तुत डेटा के सम्बन्ध में पूरी जानकारी न रखने पर सीएमएचओ पर काफी नाराजगी जताई और अगली बैठक से सभी बीएमओ डेटा सत्यापित कराने के उपरांत ही पूरी जानकारी के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### 108 एम्बुलेंस/जननी एक्सप्रेस की लोकेशन अब बीएमओ के पास भी रहेगी

बैठक में कलेक्टर श्री नारायन ने बीते दिनों हुए मातृ मृत्यु के प्रकरणों की गहन समीक्षा की। जुन्नारदेव के एक प्रकरण में बीएमओ द्वारा क्षेत्र के लिए आवंटित सभी एम्बुलेंस वाहनों के अन्य प्रकरणों में इंगेज रहने के कारण संबंधित महिला के अस्पताल तक पहुंचने में विलंब होने की जानकारी से अवगत कराया गया। इस पर कलेक्टर श्री नारायन ने तत्काल 108 के जिला मैनेजर को बुलाकर जिले में 108 वाहनों की उपलब्धता एवं संचालन प्रक्रिया की जानकारी विस्तार से प्राप्त की। जिसमें सामने आया कि प्रकरण में जुन्नारदेव ब्लॉक के लिए आवंटित सभी वाहनों के इंगेज रहने के कारण उमरेठ के 108 वाहन को भेजा गया था, जिससे पहुंचने में विलंब हुआ। महिला का गांव जुन्नारदेव से लगभग 40 कि.मी. दूर था। इस पर विचार विमर्श उपरांत कलेक्टर श्री नारायन ने निर्देश दिए कि जिला मैनेजर 108 वाहनों की जियो लोकेशन ट्रैकिंग सिस्टम कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत, सीएमएचओ सहित सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को भी उपलब्ध कराएं, जिससे आकस्मिक स्थिति में वाहनों की लोकेशन के अनुसार सबसे नजदीकी वाहन से समन्वय कर व्यवस्था बनाई जा सके। सभी संबंधितों के संपर्क नंबर भी आपस में साझा करने के निर्देश दिए हैं।


### सुरक्षित मातृत्व अभियान की गहन समीक्षा

कलेक्टर श्री नारायन ने सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन, डॉक्टर द्वारा एएनसी जांच, सीवियर एनीमिक व हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी बीएमओ और सीडीपीओ को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपने क्षेत्र की सभी हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की मोबाइल नंबर के साथ नामजद पूरी जानकारी रखें और उनकी केस स्टडी कर शुरुआत से ही समुचित उपचार दिया जाना सुनिश्चित करें। सुरक्षित प्रसव के लिए डिलीवरी पॉइंट्स पर बनाए गए बर्थ वेटिंग रूम की सुविधा का लाभ लेने के लिए भी महिलाओं और उनके परिजनों को प्रेरित करें। संस्थागत डिलीवरी का प्रतिशत बढ़ाने के लिए पिछड़े ग्रामों में जागरूकता शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं और परिजनों को जननी सुरक्षा योजना और अस्पतालों में सुरक्षित प्रसव के लिए उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में जागरूक और प्रोत्साहित करें।

## नगरवासियों ने की पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

# पुलिस चौकी के सामने के घर को चोरों ने बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



गुरुवार को नगर के वार्ड नंबर 15 स्थित पुलिस चौकी के सामने पवार के मकान में अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के अनुसार पिपला निवासी रामदिन हिंगवे यहा बीती रात चोरो ने घर के दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और कीमती सामान सहित नकदी 10 हजार पर हाथ साफ किया है। पडोसीयो के जागने पर चोर भाग निकले, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस चौकी के सामने ही चोरी होना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है। मकान मालिक रामदीन हिंगवे ने पुलिस से कहां कीचौकी के सामने का सीसीटीवी फुटेज देखकर चोरों का पता लगाया जा सकता है लेकिन पुलिस के द्वारा बताया गया कि बाहर का कैमरा बंद है।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्या तू कि बीते दिनों भी इसी प्रकार की पीपला नारायणवार क्षेत्र में चोरियां हो चुकी है। बावजूद इसके अब तक कोई पुलिस की पकड़ से बाहर दूर है।नगर वासियों के द्वारा लगातार हो रही चोरियों को देखते हुए पुलिस प्रशासन से ग्रामीण क्षेत्रों और पीपला नारायणवार नगर में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

## आदिवासी कन्या आश्रम छिन्दी में पदस्थ एक प्राथमिक शिक्षिका निलंबित

**छिंदवाड़ा।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री सतेन्द्र सिंह मरकाम द्वारा प्राथमिक शाला लुक्काढाना की प्राथमिक शिक्षिका एवं वर्तमान में अधीक्षक आदिवासी कन्या आश्रम छिन्दी विकासखंड तामिया जिला छिंदवाड़ा में पदस्थ श्रीमती सुनीता भारती को आश्रम में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने व आश्रम में निवासरत छात्राओं से अभद्र व्यवहार करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री मरकाम ने बताया कि जिले के विकासखंड तामिया के ग्राम छिन्दी के ग्रामवासी एवं जनप्रतिनिधि एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी तामिया के प्रतिवेदन 23.10.2025 के अनुसार प्राथमिक शाला लुक्काढाना की प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती सुनीता भारती, वर्तमान में अधीक्षक आदिवासी कन्या आश्रम छिन्दी संकुल केन्द्र छिन्दी विकासखंड तामिया में पदस्थ है, द्वारा आश्रम में नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहने, आश्रम में निवासरत छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने, आश्रम संचालन के दायित्वों का निर्वहन में लापरवाही करने की शिकायत प्राप्त हुई है। प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती भारती का यह कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं उदासीनता को प्रदर्शित करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसीलिये प्राथमिक शिक्षिका श्रीमती भारती को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 में दिये गये प्रावधानों के तहत निलंबित किया गया है।

## कोदो-कुटकी फसल के पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**छिन्दवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा संचालित रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत कोदो एवं कुटकी फसल का पंजीयन 10 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित अवधि में अपनी फसल का पंजीयन अवश्य कराएं ताकि योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। उप संचालक कृषि जितेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत श्री अन्न प्रोत्साहन कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा चयनित जिलों में कोदो एवं कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। इसके लिए खरीफ वर्ष 2025 में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जिले में पंजीयन के लिए निर्धारित केंद्रों में तहसील हर्रई में सेवा सहकारी संस्था बटकाखापा आदि शामिल है।

# खिलाड़ियों को मिलेगी बेहतर से बेहतर सुविधाएं : सांसद

### सांसद ने किया राज्य स्तरीय सीनियर बालक फुटबाल स्पर्धा का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

ओलंपिक स्टेडियम छिन्दवाड़ा में आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय सीनियर बालक फुटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ गुरूवार को सांसद बंटी विवेक साहू ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू ने शुभारंभ कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से आए खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए सर्वश्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन करने हेतु उन्हें प्रेरित किया व अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छिन्दवाड़ा में राज्य स्तरीय सीनियर बालक फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन किया जाना छिन्दवाड़ा के लिए गौरव की बात है। उन्होंने इस स्पर्धा के लिए छिन्दवाड़ा का चयन किए जाने पर खेल संघ का आभार व्यक्त किया। सांसद श्री साहू ने इस अवसर पर कहा कि छिन्दवाड़ा में लगातार खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रयास किए जा रहे है। पिछले वर्ष सांसद खेल महाकुंभ में लगभग 4 लाख बच्चों ने भाग लिया था। इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा सहित प्रदेश और देश भर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भी दोनों जिलों से बड़ी संख्या में खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। ओलंपिक स्टेडियम छिन्दवाड़ा में खिलाड़ियों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर पर महापौर विक्रम अहके ने भी खिलाड़ियों को संबोधित किया।

## 2 सूने मकानों से चारों ने लाखों के जेवर उड़ाए और नकदी पर किया हाथ साफ



**पांढुर्ना।** समीपस्थ ग्राम सिवनी में कल रात्रि अज्ञात चोरों ने 2 सूने मकानों में चोरी कर लाखो रू. के सोने के जेवर और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिवनी के घनशाम खवसे के मकान से चोरों ने बच्चों के सोने के जेवर, चांदी की पायल, कान के झुमके और 10 रू. नकद पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गए गहनों की कीमत 80000 रू. बताई गई। चोरी की वारदात के पूर्व रात्रि में घनशाम खवसे परिवार सहित पंधराखेडी गया हुआ था। दूसरी वारदात ग्राम सिवनी निवासी संजय किनकर के घर हुई। इनके घर से चोरों ने सोने की अंगुठी, कान के झुमके, चांदी के गहने और 20000 रू. पर हाथ साफ कर दिया। संजय के घर से चोरी गए जेवरात 1 लाख रू. के बताए गए। पुलिस जांच जारी है।

## नई आबादी फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

**छिन्दवाड़ा।** म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 24 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को 11 के.व्ही. नई आबादी फीडर, फीडर कोड- 7079 के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर 2025 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले 11 के.व्ही. नई आबादी फीडर, फीडर कोड- 7079 (ट्रांसफर्मरों की संख्या 35 तथा लंबाई 7.14 कि.मी.) पी.जी. कॉलेज, इंद्रपुरी, नरसिंहपुर नाका, नई आबादी, हलदुलकर, जैन मंदिर, सिवनी प्राणमोती रोड, गणेश कॉलोनी, संकट मोचन, होटल अभिमन्यु, खुशी रजवाडा लॉन, स्टेट बैंक कॉलोनी, गिरजादेवी कॉलोनी, कन्या शिक्षा परिसर, पॉलीटेक्निक कॉलेज, केन्द्रीय विद्यालय, एस.पी. ऑफिस, श्रीवास्तव कॉलानी, रामबाग, इंदिरा नगर, श्रीवास्तव कॉलोनी, कृष्णा मंदिर, पूजा शिवि लॉन व सिवनी प्राणमोती आदि से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल किया जा सकता है।

## सोनपुर फीडर से संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई आज रहेगी बाधित

म.प्र.पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी छिंदवाड़ा (शहर संभाग) के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत 33/11 के.व्ही., एल.टी. लाईन एवं विद्युत उपकरणों के मानसून पूर्व रख-रखाव कार्य के कारण 24 अक्टूबर 2025 शुक्रवार को सोनपुर फीडर, फीडर कोड-7200 के अंतर्गत संबंधित सभी क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई प्रातः 08 बजे से दोपहर 01 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर 2025 को छिंदवाड़ा शहर संभाग के अंतर्गत आने वाले सोनपुर फीडर, फीडर कोड-7200 के अंतर्गत प्रियदर्शिनी कॉलोनी, सिध्दीविनायक कॉलानी, सांई वाटिका, फ्रेण्ड्स कॉलोनी, आनंद नगर व डमरूटोला आदि से संबंधित क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इस आवश्यक कार्य के दृष्टिगत आवश्यकतानुसार यह समयावधि बढ़ाई या घटाई जा सकती है । बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिये 1912 टोल फ्री नंबर डायल किया जा सकता है।

# शहर में पर्याप्त भूमि के बावजूद कलेक्टर ऑफिस शहर से दूर क्यों?

## व्यक्तिगत लाभ के लिए शहर से दूर किए जाने के लग रहे हैं आरोप, मौन जनप्रतिनिधियों पर सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा




पांढुर्ना जिले के नागरिकों की समझ से परे है कि शहर के बीच पर्याप्त शासकीय भूमि मौजूद होने के बावजूद कलेक्टर कार्यालय भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन ने शहर से काफी दूर भूमि का चयन क्यों किया है। कलेक्टर कार्यालय जिलेभर के नागरिकों के आवागमन हेतू सुविधाजनक स्थान पर बनाए जाने के उद्देश्य से अब तक अनेक स्थानीय संगठनों ने ज्ञापन प्रेषित कर शासन के प्रतिनिधियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट किया है। अब तक लगभग 8 से 10 सामाजिक संगठनों ने कलेक्टर कार्यालय के अमरावती रोड पर ले जाए जाने के निर्णय को पूरे जिलावासियों के लिए असुविधाजनक होना बताया है। सबसे बडा सवाल तो यह है कि वर्तमान कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय जहां से कलेक्टर कार्यालय संचालित हो रहा है उसके आजू बाजू 8-10 एकड शासकीय भूमि है। इस भूमि अनेक शासकीय कार्यालय मौजूद है जिनमें काफी कार्यालयों के भवन जर्जर और जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। जिले के अधिकांश नागरिकगण उक्त शासकीय भूमि पर कलेक्टर कार्यालय बनाए जाने को सर्वाधिक उपयुक्त बताते है। अस्थाई रूप से संचालित वर्तमान कलेक्टर कार्यालय के आजू बाजू में शासकीय भूमि का विवरण इस प्रकार है। कृषि उपज मंडी के नाम दर्ज भूमि नजूल विभाग की शीट नं 1 बी में प्लॉट नं 40 क्षेत्रफल 51527 वर्गफिट एवं प्लॉट नं 44 क्षेत्रफल 90.307 वर्गफिट तथा शीट नं 1 डी में प्लॉट नं 19 जिसका क्षेत्रफल 56300 वर्गफिट है।

**शा. अस्पताल के नाम दर्ज भूमि** नजूल विभाग की शीट नं 1 बी में प्लॉट नं 8 क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 9 क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 10 क्षे. 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 11 क्षे. 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 12 क्षे. 3600 वर्गफिट, प्लॉट नं 13 क्षे. 2200 वर्गफिट, प्लॉट नं 14 क्षे. 3200 वर्गफिट, प्लॉट नं 15 क्षे. 3200 वर्गफिट एवं प्लॉट नं 16 क्षे. 3200 वर्गफिट शासकीय अस्पताल के नाम से दर्ज है। इसके अलावा नजूल शीट नं 1 डी में प्लॉट नं 21 क्षे. 28460 वर्गफिट भूमि मवेशी अस्पताल के नाम दर्ज है।

**म.प्र. सिंचाई विभाग की भूमि**
नजुल की शीट नं 1 बी में प्लॉट नं 46/2 क्षे. 875 वर्गफिट तथा शीट नं 2 सी में प्लॉट नं 1/2 क्षे. 16335 वर्गफिट दर्ज किया गया है। सिंचाई विभाग के क्वार्टर्स को महिला एवं बालविकास विभाग कार्यालय है का जर्जर भवन है जो लगभग 3000 वर्गफिट से अधिक शासकीय भूमि पर बना है।

**शिक्षा विभाग की भूमि** नजूल शीट नं 1 सी में प्लॉट नं 37 क्षे. 7701 वर्गफिट (खुला प्लॉट), प्लॉट नं 38 में क्षे. 7625 वर्गफिट (खुला प्लॉट), प्लॉट नं 46 में क्षे. 2145 वर्गफिट, प्लॉट नं 47 क्षे. 2145 वर्ग, प्लॉट नं 48 क्षे. 2145 वर्गफिट, प्लॉट नं 48 क्षे. 2145 वर्गफिट, प्लॉट नं 49 क्षे. 909 वर्गफिट, प्लॉट नं 50 क्षे. 3400 वर्गफिट तथा शीट नं 1 डी में प्लॉट नं 11 क्षे. 3500 वर्गफिट (खुला प्लॉट) दर्ज है।

**तहसील कार्यालय की भूमि**
नजूल शीट नं 1 बी में प्लॉट नं 25 क्षे. 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 16 में क्षे. 2220 वर्गफिट, प्लॉट नं 26 क्षे. 2220 वर्गफिट, प्लॉट नं 28 में क्षे. 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 29 में क्षे. 1540 वर्गफिट, प्लॉट नं 30 क्षे. 3200 वर्गफिट, प्लॉट नं में 31 क्षे. 2960 वर्गफिट, प्लॉट नं 32 में क्षे. 2960 वर्गफिट, प्लॉट नं 33 क्षे. 3200 वर्गफिट, प्लॉट नं 36 में क्षे. 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 38 में क्षे. 3200 वर्गफिट, नजूल शीट नं 1 डी में प्लॉट नं 3 क्षे. 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 4 क्षे. 2400 वर्गफिट, प्लॉट नं 6 में क्षे. 3200 वर्गफिट एवं प्लॉट नं 7 क्षे. 3200 वर्गफिट दर्ज है।

**पटवारी कार्यालय की भूमि**
पटवारी कार्यालय के नाम पर नजूल शीट नं 1 बी में प्लॉट नं 18 क्षे. 1800 वर्गफिट एवं प्लॉट नं 19 में क्षे 1800 वर्गफिट दर्ज है। **जनपद कार्यालय, बीईओ एवं पंजीयक :** नजूल शीट नं 1 डी में प्लॉट नं 17 क्षे 61776 का उल्लेख किया गया है।

**सुरक्षित भूमि का विवरण**
नजूल शीट नं 1 बी में प्लॉट नं 46/1 क्षे 77678 वर्गफिट, शीट नं 2 अ में प्लॉट नं 1/1 क्षे 117236 वर्गफिट, शीट नं 2 सी में प्लॉट नं 1/1 क्षे. 47489 वर्गफिट एवं शीट नं 2 सी में प्लॉट नं 1/3 क्षे 2000 वर्गफिट दर्ज है। इस भूमि को शा. रिकॉर्ड में सुरक्षित श्रेणी के नाम पर लिखा गया है।

# वाहन चेकिंग एवं दुर्घटना की स्थिति में किसकी होगी जिम्मेदारी तय

### अनाधिकृत शोरूम से वाहन खरीददार को बिल बीमा के अलावा नहीं दिए गए हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया में अनाधिकृत शोरूम से दो पहिया वाहन जो दशहरे से दीपावली तक खरीदे गए हैं, उन उपभोक्ताओं के साथ वाहन बेचने वालों ने जमकर ठगी की है जिसका समाचार हरिभूमि ने आज प्रकाशित किया था। जो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ अब खरीदार खबर पढ़ने के बाद खुलकर सामने आने लगे हैं और वह हरिभूमि को तामिया के अलावा छिदी, लोटिया,देलाखारी चावल पानी, मैं चल रहे अनाधिकृत शोरूम के बारे में जानकारी साझा कर रहे हैं।

वहीं उपभोक्ता अब खुलकर इन अनाधिकृत शोरूम वालों के ऊपर ठगी के आरोप लगाने के साथ-साथ फाइनेंस कंपनी के एजेंटो पर भी आरोप लगाने लगे है। कि दो पहिया वाहन खरीददार किस तरीके से ठगे गए हैं। वाहन खरीदने के साथ प्रदेश सरकार के परिवहन नियम के तहत खरीदी का बिल के साथ वाहन खरीददार एवं उसके साथ बैठने वाले को हेलमेट भी देना था साथ ही उनको एसेसरीज भी देनी थी, लेकिन उन उपभोक्ताओं के साथ अनाधिकृत शोरूम वालों ने इसमें भी चीटिंग कर मुनाफा कमाया। यदि परिवहन अधिकारी को यदि पता करना है तो तामिया में खरीदे गए किसी भी दो पहिया वाहन वालों के साथ शोरूम पर फोटो चाबी देते नहीं मिलेगी क्योंकि जब यह शोरूम अधिकृत ही नहीं है तो फोटो खींचना उनके अधिकार की बात नहीं है।

यदि ऐसी स्थिति में प्रदेश सरकार यातायात नियम के तहत जागरूकता के उद्देश्य से वाहनों की चेकिंग प्रदेश भर में थानों के माध्यम से करवाने की तैयारी में है। ऐसी स्थिति में खरीदे गए वाहनों मलिक के पास ना तो बिल होगा, ना ही बीमा इसके साथ उनकी जान की सुरक्षा के लिए दिए जाने वाला हेलमेट भी नहीं होने की दशा में उनको यातायात नियम के तहत यदि न्यायालय में परिवहन नियम के तहत चालान पेश किया गया तो सारे नियमों के उल्लंघन के कारण उनका न्यायालय में 10 हजार से अधिक का जुर्माना भरना पड़ेगा।

ऐसी स्थिति में यदि उपभोक्ता चेकिंग के दौरान पकड़ा जाता है तो आखिर इसके लिए जिम्मेदार कौन होगा, यह जिम्मेदारी परिवहन विभाग की होनी चाहिए कि उपभोक्ता को बेचे गए वाहन की तुरंत पासिंग हो उसे हेलमेट मिले बिल के साथ बीमा के कागजात भी प्राप्त हो एवं मोटर व्हीकल वेबसाइट पर जारी हो और उन वाहनों का नंबर शीघ्र मिल सके यह सारी प्रक्रिया परिवहन विभाग तभी कर सकता है। जब उसे पक्का बिल मिल सके। इस तरह तामिया में प्राप्त जानकारी के अनुसार 500 के करीब दोपहिया वाहन खरीददार वाहन खरीदने के बाद इन अनाधीकृत शोरूम से दोपहिया वाहन खरीदने के बाद फजिहत की स्थिति में आज भी खड़े हैं होना तो यह चाहिए कि अनधिकृत शोरूम वालों पर कार्रवाई हो ना की उपभोक्ता पर।

## संयुक्त संचालक उद्योग श्री रजक ने किया जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** परिक्षेत्रीय उद्योग कार्यालय जबलपुर के संयुक्त संचालक उद्योग विनीत रजक द्वारा आज जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र छिंदवाड़ा का निरीक्षण किया गया। संयुक्त संचालक श्री रजक द्वारा पांढुर्णा जिले के मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति की प्रशंसा की गई एवं संभाग में पांढुर्णा जिले को योजना के अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त होने की सराहना की गई। साथ ही छिंदवाड़ा जिले में मुख्यमंत्री उद्यम कांति योजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया एवं दिसंबर 2025 के अंत तक योजना के अंतर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति के निर्देश दिए गए।

**अनुकरणीय**

## स्व. प्रेमाबाई साहू की अंतिम इच्छा थी कि मरने के बाद उनकी दोनों आंखें दान की जाए

# अब स्वर्गीय माताजी की आंखों से रोशन हो सकेंगी जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



ज़िंदा रहने का एक काम कर जाइए, अपनी आंखें किसी के नाम कर जाइए... इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए शहर के साहू परिवार ने साहसिक और प्रेरणादाई निर्णय लेते हुए अपनी स्वर्गीय 80 वर्षीय माता का नेत्रदान करवाया। मरणोपरांत अंगों का दान सबसे बडा दान होता है, क्योंकि दान किये हुए अंग किसी जरूरतमंद की जिन्दगी बदल देते हैं। समाज में ऐसे अनेकों लोग है जिन्हें दृष्टि की आवश्यकता है ताकी वो भी अपने जीवन में फैले अंधरे को दूर कर अपने सपनो को साकार कर पाए। छिंदवाड़ा के शुभम कॉलोनी गली न 01 ,खान कॉलोनी के पास निवासी साहू परिवार ने अपनी माता स्व. प्रेमा बाई साहू की अंतिम इच्छा को पूरा करने का निर्णय लेते हुए उनके दोनों नेत्रों का दान करने का फैसला लिया।

विदित हो कि गत दिवस प्रेमा बाई साहू का दुखद निधन हुआ, जिसके उपरांत उनके सुपुत्र श्री अशोक कुमार साहू, श्री सुभाष कुमार साहू एवं श्री संजय साहू ने जानकारी देते हुये बताया कि परिवारजनो से विचार विमर्श कर अपनी माताजी के दोनों नेत्रों का दान किया गया, ताकी किसी जरूरतमंद व्यक्ति को उनकी कॉर्निया प्रत्यारोपित हो सके। दो आंखों के कॉर्निया से दो लोगों की जिंदगी रोशन हो सकेंगी। जिले के प्रशिक्षित नेत्र चिकित्सको डॉ पंकज कुशवाहा, डॉ आशुतोष माहोरे,डॉ अंजली सिंग कुशवाहा इन तीनो की विशेष टीम ने मिलकर इस महान महादान के कार्य को पूर्ण किया। सनद हो कि इनके पौत्र श्री आकाश साहू जिले की अग्रणी समाजसेवी संस्था ब्लड आर्मी ग्रुप के समिति सदस्य है और रक्तदान के क्षेत्र मे विशेष कार्य के साथ साथ ये समाज में अंगदान जैसे महान कार्यों में भी लोगों को जागरूक करने का कार्य करते है।

## वैष्णवी ने बढ़ाया छिंदवाड़ा जिले का मान



**छिन्दवाड़ा।** छिन्दवाड़ा जिले की जनजातीय बेटी कु. वैष्णवी सरियाम ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा 'मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना' के अंतर्गत 'बालिका विज्ञान पुरस्कार' से सम्मानित करते हुए, 50000 रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा यह पुरस्कार उन 10 जनजातीय वर्ग की बालिकाओं को दिया जाता है, जिन्होंने विज्ञान संकाय के विषयों (भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान एवं गणित) में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हों और प्रदेश में सर्वोच्च अंक अर्जित किए हों। राज्य स्तरीय चयन समिति द्वारा मूल अंक सूची और जाति प्रमाण-पत्र का गहन सत्यापन करने के बाद वैष्णवी को प्रथम स्थान के साथ पुरस्कार के लिए चुना गया है। कु. वैष्णवी सरियाम ग्राम सिवनी पांढुर्णा, जिला छिंदवाड़ा की निवासी हैं। उनके पिता श्री विनोद सरियाम किसान हैं और माता गृहिणी होने के साथ सिलाई का कार्य करती हैं। सीमित संसाधनों और कठिन परिस्थितियों के बावजूद वैष्णवी ने अपनी लगन, मेहनत और आत्मविश्वास से यह मुकाम हासिल किया। वैष्णवी ने 300 में से 284 अंक अर्जित कर विज्ञान संकाय के विषयों में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है।

## ग्राम धोतकी में हुआ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# ऐसे ही शिविरों से 8000 से अधिक ऑपरेशन हुए हैंः सांसद साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



ग्राम पंचायत धोतकी में गुरुवार को 100 दिन सेवा संकल्प और स्वास्थ्य के अतर्गत 37 वा निशुल्क स्वास्थ्य शिविरका आयोजन किया गया स्वास्थ्य शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़, भाजपा नेता संतोष जेन, पूर्व जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड, मंडल भाजपा अध्यक्ष प्रभाकर बोबडे,आदि थे। मिली जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य शिविर में 582 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया, शिविर में सांसद विवेक बंटी साहू ने संबोधित करते हुए दीपावली की शुभकामनाएं प्रेषित कर शासन की स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही, सांसद श्री साहू ने आगे कहा कि विगत वर्ष इन शिविर के माध्यम से लगभग 8000 ऑपरेशन हुए थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर से यह शिविर आयोजित किए जा रहे है,साथ ही, आयुष्मान भारत योजना के लाभ की जानकारी देकर इसका लाभ लेने की अपील कि है।82 उपस्वास्थ्य केंद्र मेरे संसदीय क्षेत्र में बन रहे है। आयोजन में सरपंच देवराव सीतकारे, दिनेश भलावी, उपाध्यक्ष पांढुर्णा रामकृष्ण वाक्रोडे, आदिवासी नेता मोरेश्वर मर्शकोले, देवेंद्र गायकवाड़, राजू नरोटे हरिदास धुर्वे, चंद्रशेखर कठाने, भोजराज धोतके नेस्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया, शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ रूपेश बोकडे, डॉ अलका जैन, डॉ संगीता जैन, डॉ दीक्षा लांबा, डॉ प्रफुल्ल भोयर, डॉ साहिल बडसकर, डॉ राहुल गुर्जर, दंत चिकित्सक डॉ श्वेता सेलकर, बी सी एम श्रीराम अहिरवार,सुरेश सोमकुंवर, सुरेश आगरकर,श्याम शर्मा आदि ने सेवाये दी है। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण आंगनवाड़ी आशा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 4 मरीजों को दिलाई 1 लाख 80 हजार की आर्थिक मदद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने हार्ट, कैंसर, पीलिया संबंधी बीमारी सहित अन्य बिमारियों से पीड़ति चार जरूरतमंद मरीजों को 1 लाख 80 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छिन्दवाड़ा के ग्राम पठरा जंगली माल निवासी श्रीमती केशर पति डिमाक सिंह चौरिया को 50 हजार, छिन्दवाड़ा के ग्राम पुलपुलडोह निवासी निखत पिता अफरोज कुरैशी को 50 हजार और तामिया के ग्राम भोड़ियापानी निवासी गायत्री भारती पिता सुन्दरलाल भारती को 50 हजार दिए है इन तीनों मरीजों का इलाज नागपुर के अस्पतालों में होगा। वहीं छिन्दवाड़ा के ग्राम पठरा निवासी दक्ष पिता मनोज फरकारे को 30 हजार दिए हैं इनका इलाज छिन्दवाड़ा के अस्पताल में होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मरीजों और उनके परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुये बीमारी के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए सांसद श्री साहू ने तत्काल ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर मरीजों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की थी। सांसद के प्रयास से सहायता मिलने पर गंभीर बीमारी से पीड़ति मरीज का प्राइवेट अस्पताल में इलाज हो सकेगा। आर्थिक सहायता मिलने पर मरीजों और उनके परिजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सांसद बंटी विवेक साहू का आभार व्यक्त किया है।

## मंडल अध्यक्षों, भाजपा नेताओं द्वारा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से भेंट कर प्रदान की गई दीपावली की शुभकामनाएं



**छिन्दवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी छिंदवाड़ा जिले के मंडल अध्यक्षों एवं भाजपा नेताओं द्वारा बैतूल पहुंचकर प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निवास मे भेंटकर दीपावली के अवसर पर शुभकामनाएं प्रदान की गई। बैतूल मैं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के निवास पर आयोजित दिवाली मिलन में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा मंडल अध्यक्षों का अभिवादन स्वीकार किया गया एवं संगठन के बारे में सकारात्मक चर्चा कर जानकारी ली गई। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, नवीन बारस्कर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रमाकांत पटेल, शिवपुरी मंडल अध्यक्ष देवीलाल पाल, कुंडली मंडल अध्यक्ष राकेश बेलवंशी, जुन्नारदेव नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, दमुआ नगर मंडल अध्यक्ष सोनू पाटिल, नगर निगम सभापति बलराम साहू, मंडल महामंत्री कुंदन मिगलानी, उपाध्यक्ष जीत सिंह रघुवंशी, जितेंद्र पिपले, वाल्मीकि समाज छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष एवं पार्षद जगदीश गोदरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेतागण एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## छात्रों को दी बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार आधिनियम की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

किशोर न्याय अधिनियम 2015 तथा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार के प्रावधानों से अवगत कराने संबंधी एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन एवं डी पी ओ ब्रजेश शिवहरे के मार्ग दर्शन मे पंडित नेहरु हायर सेकेंडरी स्कूल जनता कालोनी मे किया गया ।इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्यामल राव ने प्रशिक्षण के विषय में जानकारी देते हुए बताया की जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं की वस्तु स्थिति , मिशन वत्सल योजना, के अंतर्गत संचालित जन कल्याणकारी योजनाओ मे देखरेख और संरक्षण के जरूरतमंद बालक तथा अनाथ बालकों के लिए चलाई जा रही मुख्यमंत्री कोविद-19 बाल सेवा योजना, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, बाल आशीर्वाद योजना की जानकारी दी गई। साथ ही कोई निसंतान दंपति यदि बच्चा गोद लेना चाहता है तो उसके संबंध में कारा मे पंजीकरण कर कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए कोई नि संतान दंपति बच्चा गोद ले सकता है । वही वन स्टॉप सेंटर में समस्त प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं मे आश्रय, विधिक , पुलिस, परामर्श, एवं चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाती है ।

## लोधीखेड़ा आश्रम में मनाया 151 वां जन्मोत्सव




**सौंसर।** गुरूवार को ग्रामस्थ आश्रम लोधीखेडा में संत षिरोमणि श्री स. ना. बाबाजी महाराज ग्रामस्थ जी का 151 वॉ जन्मोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव से मनाया गया। इस अवसर पर हभप उत्तम महाराज बडे, हभप हरिओम महाराज निबोलकर, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड, भाजपा के प्रदेष प्रवक्ता एड अजय धवले, चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष गोपाल षर्मा, संस्थान अध्यक्ष नंदकिषोर बेलसरे, कार्यवाहक चिन्मय नारायण धानोरकर, अरूण धानोरकर, सुरेन्द्र महाराज ठाकरे, ईष्वर ग्रामस्थ, पदमाकर धानोरकर, आश्रम से जुडे डॉ अनूप कुमार जैन, रवि भूजाडे, योगेष भद्रे सहित बडी संख्या में भक्तों एवं श्रद्धालूओं ने महाराज जी के समाधि पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। दिन भर भजन-कीर्तन, सत्संग और प्रवचन के माध्यम से बाबाजी महाराज के आदर्ष, तप, त्याग और समाजसेवा के प्रेरणादायी प्रसंगों का स्मरण किया। अवसर पर बोलते हुये जिलाध्यक्ष श्री मोहोड ने कहा कि, बाबाजी ने सदैव मानवता, करूण और सेवा का संदेष दिया। बाबाजी महाराज का जीवन समाज कल्याण और आध्यात्मिक उत्थान का प्रतीक रहा है। आज उनका जीवन मार्ग सभी के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। ग्रामस्थ आश्रम की भक्ति परंपरा का दर्पण है। इस दौरान आश्रम संस्थान द्वारा अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया। इसके पष्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में श्रद्धा, भक्ति और संत भाव की अनूठी छटा दिखाई दी। ग्रामस्थ आश्रम एक बार फिर भक्ति की अविरल धारा में सराबोर हो उठा। उल्लेखनीय हो कि, इस सिद्ध स्थान पर गत कुछ माह पूर्व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मोहन भागवत ने भी पहुचकर श्रद्धासुमन अर्पित किये थे।

## कमलनाथ व नकुलनाथ ने गहन दुख व्यक्त किया

**छिन्दवाड़ाः** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने जिला कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष श्री गोविंद राय के बड़े भाई लक्ष्मी नारायण राय के निधन पर गहन दुख व्यक्त किया। कमलनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य श्री गोविंद राय के बड़े भाई श्री लक्ष्मी नारायण राय के निधन का दुखद समाचार व्यथित करने वाला है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान दें व शोकाकुल परिवारजनों को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करें। नकुलनाथ ने श्री लक्ष्मी नारायण राय जी के निधन पर गहन दुख व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रगट करते हुए दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने व शोकसंतप्त परिवार को दुख सहन करने की क्षमता प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने जिला कांग्रेस परिवार की ओर से गहन शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को श्री चरणों में स्थान देने ईश्वर से प्रार्थना की। लक्ष्मी नारायण राय को अंतिम विदाई देने जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री ओकटे, सोहन वाल्मीकी, राजीव तिवारी, अजय मैद, हरि वर्मा व कमल राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस परिवार के सदस्यगण पहुंचे।

## स्वच्छ दीपोत्सव का पिपला नारायणवार में आयोजन

**पिपलानारायणवार।** नगर परिषद पिपला नारायणवार जिला पांढुर्णा के निर्देशन में वार्ड क्रमांक 04, अम्बा घाट क्षेत्र में स्वच्छ दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों को स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया तथा आगामी दीपावली पर सभी नगर वासियों से अपील की गई कि वे नगर की स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में अपना-अपना योगदान दें, ताकि पिपला नारायणवार स्वच्छ, सुंदर और हरित बना रहे। एवं कार्यक्रम में सभी उपस्थितजनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और "स्वच्छ पिपला नारायणवार– सुंदर पिपला पिपलानारायणवार" का संदेश दोहराया गया।

## प्रदेश अध्यक्ष से मिले जुन्नारदेव के भाजपा नेता



**जुन्नारदेव।** दीपावली के 5 दिवसीय पर्व के शुभ अवसर पर गुरुवार को जुन्नारदेव के भाजपा नेता एवं जनप्रतिनिधियों ने बैतूल पहुंचकर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात कर दिवाली की शुभकामनाएं दी। साथ ही विकास खण्ड की विकास योजनाओं को लेकर चर्चा भी की। भाजपा नेताओं ने श्रीमती खंडेलवाल और बैतूल के जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार से भी मुलाकात कर दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, जनपद अध्यक्ष सविता भोसम, जुन्नारदेव मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, दमुआ नगर मंडल अध्यक्ष सोनू पाटिल, युवा नेता जितेन्द्र सूर्यवंशी, अशोक भोसम मौजूद रहे।

## यात्रियों से अधिक किराया लेने पर 4 बसों पर लगाया 35 हजार रुपए का जुर्माना



**बालाघाट** जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढ़पाल ने 22 अक्टूबर की शाम को बस स्टैंड बालाघाट में यात्री बसों की आकस्मिक जांच कर यात्रियों से अधिक किराया वसूले जाने 04 बसों पर 35 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। गोवर्धन पूजन का त्यौहार होने के कारण आज बस स्टैंड में बसों की संख्या भी कम थी। परिवहन अधिकारी श्री गढ़पाल ने यात्रियों से अपील की है कि अधिक किराया लिए जाने पर प्रमोद कुमार उइके के मोबाईल नं. 9301990393, जितेन्द्र कटरे के मो.न. 8871700936 या भूपेंद्र नारनौरे के मो.न. 7489530837 पर शिकायत करें । शिकायत प्राप्त होते ही परिवहन विभाग का अमला बस संचालक के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करेगा। आज राहुल ट्रेवल की बस क्रमांक MP-70-ZC-4053 एवं नंदन ट्रेवल की बस क्रमांक MP-22-P-6001, MP-22-P-5101 व MP-22-P-0701 पर जुर्माना की कार्यवाही की गई है।

## दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी व्यवसाय के लिए आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना सुनहरा अवसर

पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना लागू की गई है। दुग्ध उत्पादन एवं डेयरी व्यवसाय के लिए यह योजना एक सुनहरा अवसर है। पशुपालक एवं किसान इस योजना का लाभ लेकर समृद्धि की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. आर एस नगपुरे ने बताया कि योजना के लिए पशुपालक के पास कम से कम 5 पशु और एक एकड़ कृषि भूमि होना आवश्यक है। पशुओं की संख्या में वृद्धि होने पर उसी के अनुपात में कृषि भूमि का निर्धारण किया जाता है। योजना की एक इकाई में 5 भैंस होने पर 4 लाख 25 हजार रुपए तथा 5 शंकर नस्ल की गाय होने पर 3 लाख 82 हजार रुपए एवं देशी गाय होने पर 2 लाख 43 हजार 750 रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। 10 दुधारू पशुओं के होने पर 10 भैंसों में 8 लाख 40 हजार, शंकर गाय के लिए 7 लाख 51 हजार रुपए तथा 10 देशी गाय के लिए 4 लाख 75 हजार रुपए इकाई लागत निर्धारित की गई है। इस योजना में 75 प्रतिशत राशि बैंक ऋृण के माध्यम से दी जाती है। शेष 25 प्रतिशत राशि हितग्राही को अंशदान के रूप में देनी होती है। योजना में 7 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज की प्रतिपूर्ति अनुदान का भी लाभ दिया जाता है।

इस योजना में सामान्य वर्ग के पशुपालक को परियोजना लागत का 25 प्रतिशत अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपए मार्जिन मनी सहायता के रूप में दिया जाता है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के हितग्राही को परियोजना लागत का 33 प्रतिशत अधिकतम 2 लाख रुपए मार्जिन मनी के रूप में दिया जाता है। पशुपालन विभाग के माध्यम से प्रकरण बैंकों में भेजे जाते हैं। बैंक से प्रकरण स्वीकृत होने के बाद हितग्राही को इकाई लागत की राशि प्रदान की जाती है। इस योजना में इकाई लागत की 75 प्रतिशत राशि पर बैंक की कुल ऋृण राशि में 5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज अनुदान दिया जाता है। इसकी राशि अधिकतम 25 हजार रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित है।

## पत्रकार साथी प्रशासन का अभिन्न अंग हैंः परमार

**लांजी।** दीपावली मिलन समारोह के अवसर पर लांजी थाना प्रभारी दीपसिंह परमार ने क्षेत्र के पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रशासन और मीडिया के बीच संवाद की महत्वता पर जोर दिया। श्री परमार ने कहा कि पत्रकार साथी पुलिस और प्रशासन का एक अभिन्न अंग हैं और लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ के रूप में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, प्रशासन और पत्रकारों के बीच संवाद होना आवश्यक है, क्योंकि संवाद करने से गलतफहमियों की गुंजाईश खत्म हो जाती हैं। मीडिया एक शक्तिशाली साधन है जो जानकारी को जनता तक पहुंचाता है और राष्ट्र निर्माण में सहायक होता है। इस अवसर पर थाना प्रभारी ने पत्रकारों के साथ मिलकर काम करने और उनके सुझावों को स्वीकार करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की, ताकि पुलिस प्रशासन और मीडिया के बीच सहयोग और बेहतर संवाद बना रहें। पत्रकार साथियों ने भी नवागत थाना प्रभारी द्वारा आयोजित दीपावली मिलन समारोह की प्रशंसा कर सराहना की एवं धन्यवाद किया। थाना प्रभारी दीपसिंह परमार ने दीपावली के पर्व की सभी पत्रकारों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह त्योहार हमें एकजुटता और भाईचारे का संदेश देता है।

## लाखों का राजस्व देने वाला लांजी साप्ताहिक बाजार बदहाल, गंदगी से संक्रमण का खतरा

### लांजी साप्ताहिक बाजार में कचरे का अंबार, आम लोग बदबू से परेशान

**लांजी।** लांजी नगर परिषद अंतर्गत आने वाले बिसोनी के वार्ड क्रमांक 10 में स्थित साप्ताहिक बाजार में सफाई के इंतजाम नहीं होने से चहुंओर गंदगी पसरी हुई है। आलम यह है कि बाजार में लोगों का चलना मुश्किल है। दूसरी ओर जिले में ₹स्वच्छता ही सेवा₹ अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है. जिला प्रशासन की ओर से स्वैच्छिक श्रमदान, स्वच्छता शपथ ग्रहण, वॉल पेंटिंग, स्वच्छता मैराथन, नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जा रहा है. इसके अलावा रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता, स्वच्छता क्विज और कविता जैसे कई कार्यक्रमों से लोगों को साफ सफाई के प्रति जागरुक किया जा रहा है. वहीं दूसरी ओर लांजी नगर परिषद द्वारा यहां साप्ताहिक बाजार पर व्यवस्थाएं नगण्य है। प्रतिदिन भी यहां पर सब्जी बाजार लगता है जिसमें बची हुई सब्जी वहीं छोडने की वजह से वेस्ट सब्जियां सड़ती है और जिसके बदबू से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। बाजार के आसपास गरीब वर्ग के रहवासी नारकीय जीवन जीने मजबूर है, गंदगी की वजह से संक्रमण फैलने का भी अंदेशा बना रहता है।उल्लेखनीय है कि लांजी साप्ताहिक बाजार प्रांगण में प्रति रविवार को सब्जी , किराना व अन्य व्यापारी अपना व्यवसाय करते है, इसके अलावा साप्ताहिक बाजार के दिन हजारों छोटी बड़ी दुकानें लगती है। इन सभी से बाजार ठेकेदारों द्वारा अस्थायी दखल की वसूली की जाती है। नगर परिषद को लाखों रूपए की आय देने वाले बाजार में सुविधाओं के नाम पर कुछ भी नहीं है। वहीं कई दशक से नगर परिषद के द्वारा व्यापारियों के लिए चबूतरो का भी निर्माण नहीं किया गया है और ना ही बाजार में सड़के बनाई गई है बारिश में तो ऐसा प्रतीत होता है कि खेत में बाजार लगा हो कीचड़ से लबा-लब रहता है लांजी बाजार लाखों रुपए की आई देने वाला बाजार के लिए भी नगर परिषद ने आज तक विकास को लेकर कोई प्रयास नहीं किए गए है लांजी साप्ताहिक बाजार के चारों तरफ ग्राम पंचायत बिसोनी वार्ड क्रमांक 10 के गरीब वर्ग के लोगों का रहवासी इलाका भी है। यहां पर रहने वाले लोग बारिश के दौरान नारकीय जीवन जीने मजबूर हैं। बाजार परिसर में साफ सफाई नहीं होने के कारण गंदगी और सड़ांध भरी बदबू से लोगों का जीना मुहाल हो जाता है। वही बाजार के एक ओर मछली, मटन व चिकन का भी प्रति रविवार विक्रय होता है, इसका वेस्ट भी यहीं पड़ा रहने से कुत्ते यहां वहां फैलाते हैं। गंदगी की वजह से यहां पर हमेशा संक्रमण होने का खतरा बना रहता है। दुकान संचालकों का कहना है कि कर चुकाने के बाद भी कोई सुविधा मुहैया नहीं कराई जाती है।

**बाजार में पसरी रहती है गंदगी:** इस बीच लांजी के साप्ताहिक बाजार में नगर परिषद प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगा है. यहां के स्थानीय लोग और व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि रविवार को लगने वाले बाजार में सफाई न होने से गंदगी फैली रहती है. गंदगी के कारण क्षेत्र में काफी बदबू भी रहता है. लांजी साप्ताहिक बाजार परिसर में बने लोकल पब्लिक शौचालयों में पानी की कमी और साफ-सफाई न होने के कारण लोग उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं.

### साफ-सफाई की कमी से लोग परेशानः

व्यापारियों और स्थानीय निवासियों ने नगर परिषद प्रशासन पर केवल स्वच्छता अभियान का दिखावा करने का आरोप लगाया है. साथ ही साप्ताहिक बाजार में साफ-सफाई की कमी से लोग परेशान हैं. स्थानीय नागरिकों ने नगर परिषद प्रशासन से बाजार क्षेत्र में स्वच्छता की मांग की है.।

## बच्चों के समग्र विकास का माध्यम ईंट्यूशन प्रोग्राम

### आर्ट ऑफ लिविंग के "इंट्यूशन अंतःप्रज्ञा प्रोग्राम" का दिव्य अनुभव, अब बालाघाट में नियमित आयोजन

**बालाघाट।** जहां विज्ञान और योग एक साथ मिलते हैं, वहीं जन्म लेती है "इंट्यूशन" — वही दिव्य क्षमता जिसे गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी ने आधुनिक युग में विश्व के सामने प्रस्तुत किया है। आर्ट ऑफ लिविंग के इंट्यूशन अंतःप्रज्ञा प्रोग्राम के माध्यम से बच्चों में ऐसी अद्भुत प्रतिभा विकसित होती है, जिससे वे बंद आंखों से भी वस्तुओं, रंगों को पहचानने और लिखे हुए शब्दो को पढ़ने क्षमता प्राप्त कर लेते हैं

साथ ही अज्ञात का भय दूर आत्मविश्वास मे वृद्धि बेहतर निर्णय क्षमता शारीरिक मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य मे सुधार पढ़ाई खेलकूद और अन्य गतिविधियों में सुधार शांत मन तीक्ष्ण बुद्धि सोच मे पैनापन सही समय पर सहीं विचार परिक्षाओं का भय खत्म बेहतर अनुशासन बेहतर संवाद आपसी संबंधो में सुधार होगा

हाल ही में बालाघाट के मोती उद्यान में आयोजित एक विशेष अवसर पर जब नन्हे बालक अक्ष चावला ने सबके सामने अपनी "छठी इंद्रिय" (Sixth Sense) का लाइव डेमो प्रस्तुत किया, तो उपस्थित सभी लोग आश्चर्यचकित रह गए। अक्ष ने आंखें बंद रखकर विभिन्न वस्तुओं और रंगों की सटीक पहचान की। यह प्रदर्शन न केवल बच्चों की छिपी क्षमताओं का प्रमाण था, बल्कि इस बात का भी उदाहरण कि योग, ध्यान और सुदर्शन क्रिया के नियमित अभ्यास से मानव मस्तिष्क की अपार संभावनाएँ खुल सकती हैं।

ज्ञान-विज्ञान और आध्यात्म का अद्भुत संगम कार्यक्रम के प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि इंट्यूशन प्रोग्राम कोई जादू नहीं, बल्कि बच्चों के मस्तिष्क की ऊर्जा और अंतर्ज्ञान को सक्रिय करने की वैज्ञानिक योगिक प्रक्रिया है, चेतना का विज्ञान है ।

उन्होंने कहा"जो देखकर भी विश्वास न हो, वही इस इंट्यूशन प्रोग्राम की सच्ची शक्ति है। यह बच्चों के भीतर छिपे सामर्थ्य को जागृत करता है और उन्हें अधिक केंद्रित, शांत और आत्मविश्वासी बनाता है।"उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण बच्चों में आत्मविश्वास, एकाग्रता, स्मरण शक्ति, निर्णय लेने की क्षमता, रचनात्मकता और भावनात्मक संतुलन को बढ़ाता है।



### इसीलिए इसे "विज्ञान और आध्यात्म का सेतु" कहा जाता है। 7 से 23 नवंबर तक बालाघाट में होगा इंट्यूशन प्रोग्राम

आर्ट ऑफ लिविंग बालाघाट द्वारा आगामी 7 से 23 नवम्बर 2025 तक तीन चरणों में इंट्यूशन प्रोसेस का आयोजन किया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण दो आयु वर्गों —
8 से 13 वर्ष एवं 13 से 18 वर्ष — के लिए निर्धारित है।तीनों चरणों में भाग लेना अनिवार्य होगा, ताकि बच्चे इस प्रक्रिया को पूर्ण रूप से आत्मसात कर सकें।

### क्या है इंट्यूशन प्रोसेस?

यह आर्ट ऑफ लिविंग का एक विशेष ध्यानात्मक कार्यक्रम है जिसमें प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों के अवचेतन मस्तिष्क को सक्रिय करने की तकनीक सिखाते हैं।

इससे बच्चे अपने भीतर की छठी इंद्रिय (Intuition) को अनुभव करने लगते हैं। बच्चे बिना आंखें खोले किताबें पढ़ना, वस्तुएँ पहचानना या उत्तर बताना तक सीख लेते हैं। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी कहते हैं "हर बच्चे में एक दिव्य चेतना होती है, इंट्यूशन प्रोसेस उस चेतना को जागृत करने का माध्यम है।"

### बच्चों में बढ़ेगा आत्मविश्वास, घटेगा तनाव

प्रशिक्षक सुरजीत सिंह ठाकुर ने बताया कि इंट्यूशन प्रोग्राम बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों के लिए भी प्रेरणादायक होता है। माता-पिता बच्चों के व्यवहार और सोच में सकारात्मक बदलाव महसूस करते हैं — उनका आत्मविश्वास, स्मृति और निर्णय क्षमता बढ़ती है, साथ ही तनाव और डर कम होता है। यह कार्यक्रम ध्यान, सुदर्शन क्रिया, और प्राणायाम का सुंदर संयोजन है।

### तनावमुक्त जीवन के लिए हैप्पीनेस प्रोग्राम भी उपलब्ध

साथ ही, अन्य आयु वर्ग के लोगों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस प्रोग्राम भी आयोजित किया जाता है, जो जीवन में शांति, आनंद और ऊर्जा लाने का माध्यम है।इसमें योगासन, विश्रामदायक व्यायाम, ध्यान और सुदर्शन क्रिया जैसी प्रभावशाली श्वास तकनीकें सिखाई जाती हैं, जो आज की व्यस्त जीवनशैली में तनाव और असंतुलन को दूर करती हैं।आर्ट ऑफ लिविंग परिवार, बालाघाट ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को इस अनोखी आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक यात्रा से जोड़ें। "अपने बच्चे की छठी इंद्रिय को जगाएँ और उसके भीतर की अनंत संभावनाओं को पहचानें।"कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिएप्रशिक्षक श्री सुरजीत सिंह ठाकुर डॉ हेमंत राहंगडाले और करण बिसेन से संपर्क कर सकते हैं।

# जिले के थांवरी गांव में दिखा उड़ने वाला सांप

## देखते ही पल भर में हो गया पेड़ों के बीच गायब

**सिवनी। अभी तक आपने जमीन पर रेंगते हुए सांप तो बहुत देखे होंगे, लेकिन क्या कभी हवा में उड़ने वाला सांप देखा है। सांप भी हवा में उड़ता है यह बात सुनकर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं, ऐसा ही एक सांप मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में देखा गया है।**



जिसने देखा वह देखते ही रह गया, आंखों को विश्वास ही नहीं हुआ कि ऐसे कैसे हो सकता है, लेकिन आंखों के सामने ही सांप एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर उड़ते हुए पल भर में गायब हो गया। यह दुर्लभ प्रजाति का सांप सिवनी जिले के थांवरी गांव ( बंडोल) में देखा गया। जिसका मुंह चोंच की तरह नुकीला और रंग चॉकलेटी था। पतली रस्सी की तरह यह सांप करीब 5 फीट लंबा था।

प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप ने बताया कि वह गुरुवार (23 अक्टूबर) को दोपहर 1 बजे अपने घर के पीछे बाड़े में निकले थे, उसी समय उन्हें एक सांप दिखाई दिया, जैसे ही उन्होंने सांप को भगाने के लिए पत्थर उठाया इसके बाद का नजारा देखकर खुद प्रदीप के हाथ पैर कांप गए, सांप जमीन से छलांग लगाकर सीधे 10 फीट ऊंचाई पर पेड़ में जा पहुंचा और देखते ही देखते एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर उड़ते हुए नजर से गायब हो गया। यह बात गांव में जिसने सुनी वह अचंभित रह गया। संभवतः यह पहला मामला है जब सिवनी जिले के किसी गांव में उड़ने वाला सांप देखा गया है।

### भारत में भी पाए जाते हैं उड़ने वाले सांप

दुनिया में कुछ ऐसे सांप मौजूद हैं, जो हवा में लगभग 30 मीटर तक ग्लाइड कर सकते हैं। इन्हें ३फ्लाइंग स्नेक३ (Flying Snake) या ग्लाइडिंग स्नेक कहा जाता है। उनकी यही काबिलियत, उन्हें दूसरे सांपों से अलग बनाती है। ये सांप मुख्य रूप से दक्षिण-पूर्वी एशिया के ट्रॉपिकल फॉरेस्ट में पाए जाते हैं, जैसे- भारत (पश्चिमी घाट और पूर्वोत्तर के जंगल),थाईलैंड, इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस और सिंगापुर।

# बरघाट ग्राम बोरी कला में चाकूबाजी में एक घायल, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

बरघाट ग्राम बोरी में हुई चाकू बाजी की घटना में एक घायल पुलिस मामले के जांच में जुटी सिवनी बालाघाट मार्ग बरघाट थाना अंतर्गत ग्राम बोरी में सोमवार रात्रि 9 बजे चाकू बाजी की घटना हो गई। जिसमें पिकअप एमपी 22 जेड डी 5797 चालक लच्छी धुर्वे जोकि वहान चला रहा था और बरघाट की और से सिवनी की और जा रहा था जिसका पिछा करते हुऐ एक मोटर साइकिल में सवार दो व्यक्ति आऐ ।

जिसमें पिकअप चालक को बोरी कला बस स्टैंड में गाली गलौज करते हुऐ रुकवाया जिसमें हाथ में चाकू रखकर कोई सामने ना आना बोलते हुए पिकअप चालक को चाकू एक बार पेट मे और दुसरे बार दाहिने जांघ में मारकर घायल कर दिया तथा दूसरे व्यक्ति ने लच्छी धुर्वे को हाथ मुक्के से मारना शुरू कर दिया उसी पस्चात बोरी कला की जनता को देखा नहीं गया तो पिकअप चालक के पास पहुंचकर चाकू मार व्यक्ति राहुल उर्फ सैनी पिता भारतवेड 19 साल निवासी छापर मड़वा ओर दुसरा युवक लालाअजीत निवासी मुंडापार बरघाट को पकड़ने के लिए पहुंचे जिसमें चाकू मार व्यक्ति को



जनता के द्वारा रोका गया इस पस्चात बरघाट थाना पदस्थ प्रधान आरक्षक छत्रपाल बघेल भी सिवनी से बरघाट थाना अपनी ड्यूटी के लिए जा रहे थे उन्होंने भी अपना कर्तव्य निभाते हुए जनता के साथ मिलकर चाकू मार मुजरिम को घटनास्थल पर ही धर दबोचा फिर अपने स्टाफ को जानकारी दिया गया बरघाट पुलिस एवं छत्रपाल बघेल के द्वारा घायल व्यक्ति को बरघाट अस्पताल पहुंचाया गया और मुजरिम को थाना ले जाकर पूछताछ करने पर बताया गया कि एक्सीडेंट कट बाजी में चाकू मारा गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारीःबाइक चालक गंभीर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के घंसौर थाना क्षेत्र में पहाड़ी ग्राम के पास दोपहर करीब 12 बजे एक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार ट्रक ने एक बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, डूंडा ग्राम निवासी गणेश मरावी (26) अपनी बाइक से घंसौर आ रहे थे। पहाड़ी ग्राम के समीप पहुंचते ही एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में गणेश मरावी जमीन पर गिर गए, जिससे उनके हाथ, पैर और सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय लोगों ने पुलिस और 108 एंबुलेंस को जानकारी दी। 108 एंबुलेंस के मनीष रैकवार और बिजेंद्र लखेरा ने स्थानीय लोगों की मदद से घायल गणेश मरावी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया। घंसौर थाना प्रभारी लक्ष्मण सिंह झारिया ने बताया कि बाइक सवार को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच कर रही है और फरार ट्रक व उसके चालक की तलाश जारी है। पुलिस लगातार लोगों से सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की अपील कर रही है।

### राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा श्री नगर जम्मू कश्मीर हेतु खिलाड़ी उत्कर्षा एवं अवनी रवाना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया , खेल एवं युवा कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्री नगर जम्मू कश्मीर में शालेय राष्ट्रीय वुशु स्पर्धा को आयोजित किया गया है। इस प्रतियोगिता में देश के समस्त प्रदेश के खिलाड़ी लेंगे भाग ।चयनित खिलाड़ी लोक शिक्षण संचनालय मध्य प्रदेश एवं संभागीय संयुक्त संचालक ग्वालियर , द्वारा आयोजित प्री नेशनल केम्प में 21 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक भाग लेंगे एवं 27 अक्टूबर से 2 नवंबर तक श्री नगर जम्मू कश्मीर में प्रतियोगिता में शामिल होंगे। सिवनी जिले से कोच सोहन लाल सेन एन.आई.एस.कोच एवं सचिव जिला वुशु संघ सिवनी के कुशल प्रशिक्षण प्राप्त है कोच सोहन लाल सेन द्वारा इन ख़लिाडियो को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया है ताकि यह खिलाड़ी रास्ट्रीय स्पर्धा में पदक प्राप्त कर सके।

### मठ मंदिर प्रांगण में अन्नकूट अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के ऐतिहासिक सिद्धपीठ मठ मंदिर प्रांगण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी राधे-राधे संकीर्तन परिवार के तत्वावधान में अन्नपूर्णा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पावन महोत्सव भाई दूज के अवसर पर आयोजित किया गया। महोत्सव के अंतर्गत दूज के पावन दिवस, बुधवार 22 अक्टूबर 2025 को मठ मंदिर प्रांगण में शाम 6 बजे से भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नगर एवं आसपास क्षेत्रों से आए असंख्य श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने सपरिवार पधारकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन देर रात तक धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के वातावरण में चलता रहा।

# शराब की बोतलें चुरा ले गया चोर, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के लखनवाड़ा थाना अंतर्गत आने वालें गोपालगंज ग्राम की शराब दुकान में एक चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसके आधार पर पुलिस चोर की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार देर रात एक चोर मुह में कपड़ा बांधकर गोपालगंज ग्राम में स्थित शराब दुकान गया और दुकान में लगे तालों को तोड़कर शटर उठाकर दुकान में घुस गया। दुकान की ड्रोज में पैसे ने मिले तो शराब की बोतलें थैले में भरकर वहां से फरार हो गया। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सुबह जब दुकान के कर्मचारी पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और शराब की बोतलें भी गायब है। इस बात की सूचना कर्मचारियों ने शराब ठेकेदार व लखनवाड़ा पुलिस को दी, सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुँची और मामला दर्ज कर सीसीटीवी में दिख रहे चोर की तलाश में जुट गई है। साथ ही लोगो से अपील की है कि यदि कोई संदिग्द गतिविधियों में लिप्त व्यक्ति दिखाई दे या कहीं संदिग्द गतिविधियां संचालित हो रही हो तो इसकी सूचना पुलिस को जरूर दें। लखनवाड़ा थाना प्रभारी चन्द्रकिशोर सिरामे का कहना है कि सूचना मिली थी कि गोपालगंज ग्राम की शराब दुकान में चोरी हुई है फिलहाल जांच की जा रही है और चोर की तलाश की जा रही है। कितनी राशि की चोरी हुई है यह अभी स्पष्ट नही हो पाया है। सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहे चोर की तलाश की जा रही है।

# क्षमता से अधिक सवारियां ढो रहे ऑटो कमांडर वाहन, जिम्मेदार मौन, ध्यान देगा कौन

**सिवनी मुख्यालय समेत ग्रामीण इलाकों में यातायात नियमों की अनदेखी गंभीर समस्या बन गई है। ऑटो, कमांडर और पिकअप जैसे वाहनों में क्षमता से अधिक सवारियां ढोयी जा रही हैं, जिससे न केवल जाम की स्थिति बन रही है, बल्कि हादसों का खतरा भी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।





हाल में ऑटो पलटने से एक मासूम बच्चे की मौत हो गई थी, जिसने इस खतरे को और उजागर किया है। मुख्य बस स्टैंड और अन्य प्रमुख मार्गों पर दिनभर जाम की स्थिति बनती है। वाहन चालक अक्सर बिना संकेत दिए अचानक ब्रेक लगाते हैं या बिना हॉर्न बजाए मोड़ काट लेते हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाएं आम हो गई हैं।

यह स्थिति यातायात व्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में यातायात नियमों का उल्लंघन और भी अधिक होता है। छोटे वाहनों में ठसाठस सवारियां भरी जाती हैं, जिससे कई बार वाहन अपना संतुलन खो देते हैं। अंशुल जैन, राजा अवधिया और राधे यादव सहित कई स्थानीय लोगों ने नियमों के कड़ाई से पालन की मांग की है, ताकिलोगों की जान सुरक्षित रह सके।

यातायात थाना प्रभारी विजय बघेल ने बताया कि नियम तोड़ने वाले वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस साल अब तक 200 से अधिक वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई है, जिनमें 50 से ज्यादा ऑटो शामिल हैं। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए क्षमता से अधिक सवारियां न बैठाएं। कई बार यात्री भी जल्दी पहुंचने की होड़ में अधिक सवारियों वाले वाहनों में बैठ जाते हैं, जिससे चालक नियमों का उल्लंघन करने से नहीं हिचकते।शहर और गांवों में जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है, ताकि लोग यातायात नियमों का पालन करें। दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कुछ पिकअप चालक लोहे की छड़ें इस तरह ले जाते हैं कि वे सड़क पर लटकती रहती हैं, जिससे पीछे से आने वाले वाहनों के लिए जानलेवा खतरा पैदा होता है।

# दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह का वृहद आयोजन आज से

## "होंगे हजारों पूर्व छात्र सहभागी"

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

**भारतीय संस्कृति और शिक्षा के उच्चतम मूल्यों के आदर्शो को आत्मसात करने वाले गौरवशाली शैक्षणिक संस्थान सरस्वती शिशु /उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भैरोगंज सिवनी अपनी स्थापना वर्ष 1975 से 2025 तक की गौरवशाली यात्रा के स्वर्णिम जयंती वर्ष के पड़ाव पर पहुँच चुकी है। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा 24 एवं 25 अक्टूबर 2025 को भव्य स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है।**

दो दिवसीय इस आयोजन को लेकर विद्यालय के मूल भवन एवं नवीन भवन दोनों ही परिसरों में भव्य तैयारियाँ पूर्ण हो चुकी हैं। विद्यालय परिसर में आकर्षक साज-सज्जा, मंच निर्माण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि की प्रस्तुतियाँ होना है। आयोजन के सफल संचालन हेतु विभिन्न आयोजन समितियाँ गठित की गई थी। जिसमें विद्यालय की संचालन समिति, प्राचार्य, आचार्यगण और समूचा विद्यालय परिवार आयोजन की तैयारी में पूरी निष्ठा से अपने-अपने दायित्व को पूर्ण कर चुका।

स्वर्ण जयंती वर्ष के दो दिवसीय भव्य




आयोजन के तहत प्रथम दिवस 24 अक्टूबर 2025 (शुक्रवार) को पूर्व छात्र मिलन समारोह आयोजित है। जिसमें पिछले पचास वर्षो में अध्ययन कर चुके छात्र-छात्राएँ अपने अतीत की स्मृतियों के साथ विद्यालय की वर्तमान स्थिति से परिचित होंगे। यह कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर, सोमवारी चौक भैरोगंज सिवनीमें प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में विद्याभारती महाकौशल प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री श्री अमित जी दवे, छिंदवाडा विभाग समन्वयक श्री रामबहोरी जी पटेल, श्री अशोक जी ठाकुर पूर्व आचार्य, श्री रिषभ जैन पूर्व छात्र, श्री आशुतोष जी गौर पूर्व समिति सदस्य, श्रीमती मालती विश्वकर्मा पूर्व सेवा परिवार, श्री मन्नू शर्मा जी पूर्व रिक्शा चालक की सहभागिता रहेगी। इस दिन विद्यालय के विभिन्न सत्रों के पूर्व छात्र एकत्र होकर स्मृतियों के स्वर्णिम पृष्ठों को पुनर्जीवित करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व छात्रों का परिचय एवं समूह चर्चा, विद्यालय प्रदर्शनी का अवलोकन, समूह छायाचित्र, सुनहरी यादें और भावाभिव्यक्ति, विशिष्ट उपलब्धियों का सम्मान, पूर्व आचार्यों को स्मृति चिन्ह भेंट एवं समूह भोज का आयोजन किया गया है।

इस ऐतिहासिक अवसर का आयोजन पूर्व छात्र परिषद, विवेकानंद बाल कल्याण समिति तथा विद्यालय परिवार द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। विद्यालय परिवार ने समस्त पूर्व छात्रों, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं सिवनी वासियों से इस स्वर्णिम अवसर पर सादर उपस्थिति का विनम्र आग्रह किया है।

### सहायक सचिव स्वामी लाल उईके को सांप ने काटा

छपारा। छपारा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम भैरगढ़ में सहायक सचिव स्वामी लाल उईके पिता सुखलाल छपारा नगर से शाम के समय अपने घर भौरगढ जा रहे थे सिरका पार और भौरगढ के बीच नदी पार कर भौरगढ जा रहे थे रास्ते में जहरीले सांप ने पैर में काट लिया । सांप का जहर इतना विषैला था



सीएचसी छपारा पहुंचते पहुंचते ही स्थिति बहुत खराब हो गई। तब तक सीएचसी पहुंच पाते बहुत देर हो चुकी थी भले ही गांव के लोग छुपाए पर झाड़-फूंक करने के चक्कर मे जहर शरीर फैल गया यदि समय रहते सीएचसी छपारा लाया गया होता तो जान बचाई जा सकती थी बी एम ओ छपारा की एस इनवाती द्वारा सर्प दंश को लेकर गांव गांव अभियान चलाया जा रहा है की सर्प दंश होता है तो तुरंत सीएचसी छपारा में लाया जाय जिससे पीड़ित को समय पर इलाज मिल सके।

### रागिनी कुंभारे राष्ट्रीय प्रशिक्षक राष्ट्रीय शालेय वुशु प्रतियोगिता के लिए प्रशिक्षक नियुक्त

डी पी सी रोलमॉडल स्कूल ड्रीम लेंड सिटी की खेल शिक्षक रागिनी कुंभारे को 69 वी राष्ट्रीय शालेय वुशु 17 वर्ष बालक बालिका प्रतियोगिता के प्री नेशनल कोचिंग में केम्प में कोच के रूप में नियुक्त हुई है मध्य प्रदेश के बालक बालिका 16 खिलाड़ियों का दिनाक 21 से 25 अक्टूबर तक ग्वालियर में आयोजित हो रहा है जिसके बाद 69 वी राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में आयोजित प्रतियोगिता में रागिनी मध्यपदेश वुशु दल के साथ प्रशिक्षक के साथ



सम्लित होंगी साथ ही रागिनी पूर्व में वुशु की राष्टीय प्राप्त खिलाड़ी भी है पूर्व में 2021 से 2025 तक 4 वुशु की 4 राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सिवनी जिला व मध्यप्रदेश का नेतृत्व किया साथ ही वुशु की राष्ट्रीय वुमन लीग में रांची झारखंड में कस्य पदक भी प्राप्त किया है साथ ही संध्या सनोडिया सीनियर नेशनल व नम्रता बरमन सब जूनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्लित हुई जिनको रागिनी के द्वारा है उन्हें सिवनी में प्रशिक्षण दिया जा रहा है रागिनी एक खिलाड़ी के साथ साथ एक अच्छी प्रशिक्षक भी है

जिला शिक्षा विभाग की कीड़ा प्रभारी जस्सी थामस जी, डी पी सी रोलमॉडल स्कूल के प्रिंसिपल के के चतुर्वेदी , सारिका गुप्ता (आंतरराष्ट्रीय वुशु कोच ) नरेंद्र गुड्डु ठाकुर , अभिषेक दुबे, अखिलेश खेड़ीकर जी, राजू यादव (पार्षद) ने बधाई व शुभकामाएं दी

### बंडोल पुलिस की त्वरित कार्यवाही, नाबालिग बालिका को किया परिजनों के सुपूर्द

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी शदीपक मिश्रा, नगर पुलिस अधीक्षक सिवनी श्रीमती श्रध्दा सोनकर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. मनोज जंघेला व्दारा थाना क्षेत्र मे तत्परता से त्वरित कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 22.10.2025 को थाना प्रभारी बंडोल उनि. मनोज जंघेला एवं स्टाफ के दौरान कस्बा पैदल भ्रमण के यात्री प्रतिक्षालय बंडोल में एक लडकी अकेली बैठे देखी गई, पूछताछ पर उसने अपना नाम स्वाति पिता तानू सल्लाम उम्र 17 साल निवासी ग्राम छुई थाना अमरवाड़ा जिला छिन्दवाड़ा का होना एवं रात्रि अधिक होने से साधन नहीं मिलने के कारण यात्री प्रतिक्षालय में प्रतिक्षारत होना बताई, जो संबंधित नाबालिग के बारे में जानकारी हेतु थाना अमरवाडा जिला छिंदवाडा संपर्क किया गया जिन्होंने नाबालिग लडकी स्वाति के परिजनो के मोबाईल नंबर उपलब्ध कराये जिनसे संपर्क कर परिजनो को थाना बंडोल बुलाकर नाबालिग बालिका स्वाति सल्लाम को सकुशल सुपुर्द कर उनके घर भेजा गया। सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी उ.नि.मनोज जंघेला, सउनि. शिवेन्द्र वसूले, प्र.आर.53 जयेन्द्र बघेल, आर. 196 राहुल कुशवाहा, म.आर. 165 रूकमणी डेहरिया एवं प्र. आर. दिनेश (थाना अमरवाडा)।

# आदेगांव पुलिस ने 7 वर्ष की नाबालिक बालिका को 10 घंटे के अंदर किया दस्तयाब

**हरिभूमि न्यूज /विमल कुमार चौबे/** आदेगांव। सिवनी पुलिस कप्तान के नेतृत्व में आदेगांव थाना प्रभारी आशीष धुर्वे द्वारा 10 घंटे के अंदर 7 वर्षकी नाबालिक अपहृता को दस्तयाव करने में सफलता प्राप्त कि। प्रार्थी रामप्रसाद पिता स्व. रहमान धुर्वे उम्र 35 साल नि. ग्राम केकड़ा ने थाना उप. आकर रिर्पोट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक लडकी परिर्वित नाम दिनांक 21.10.25 को शाम करीबन 06 बजे घर से अपनी मां के पास खेत जाने के लिये निकली थी जो वापस नही आयी प्रार्थी की नाबालिक लडकी को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर ले गया है कि रिर्पोट पर गुम इंसान क्रमांक 57/25 एवं अपराध क्रमांक 249/25 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुये श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के नेतृत्व में अनुवभाग लखनादौन की पुलिस टीम गठित कर ग्राम केकडा पहुंच कर सभी टीमो को प्राथमिकता के आधार पर अलग अलग कार्य सौपे गये जिसमे टीम द्वारा अपता की तलाश पतासाजी की जाकर स्थानीय दुकानो मे लगे सीसीटीव्ही कैमरा को खंगाला जाकर देर दरम्यानी रात्रि ग्राम केकडा बिजना नदी के आस पास स्थित ग्राम तिलबोडी, तिलेपानी, पौडी, करेली, जाकर ग्रामवासियो को नाबालिक बालिका के फोटो दिखा कर बिजना नदी के दोनो किनारो एवं गोताखोरो की मदद से तलाश पतासाजी देर रात्रि तक पुनः घटना स्थल ग्राम केकडा बिजना नदी से लगा हुआ रामा अहिरवार के खेत के आस पास पुलिस टीम द्वारा स्थानीय ग्रामवासियो की मदद से टार्च लाईट की व्यवस्था कर खेतो मे लगातार सघन तलाश की जाकर तड़के सुबह 07 बजे अपहृत बालिका खेत में घर से साथ ले गई प्लास्टिक की बोरी मे सोते हुये सकुशल मिली जिसने बताया कि मैं अपनी मम्मी को खेत मे बोरी देने गई थी जो मक्का की फसल में कोई नही दिखा अंधेरे मे रास्ता भटकने से मै बोरी के अंदर घुस कर सो गई थी।

## गाय के शरीर में विषैले पदार्थों को पचाने की क्षमता होती है

# दुनिया के सबसे सुंदर बनने वाले गुरु मंदिर के लिए लोगों ने दान दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

महासमाधि धारक परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर जी महाराज, मुनि श्री भाव सागर जी महाराज के सानिध्य में एवं ब्रह्मचारी मनोज भैया जी जबलपुर के निर्देशन में 23अक्टूबर 2025को दयोदय जीव रक्षा संस्थान ,(गौशाला) सिवनी मध्य प्रदेश में प्रातः काल की बेला में परम पूज्य समाधिस्थ आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चरण चिन्ह नवीन वेदी पर स्थापित हुए ,इसके अंतर्गत वेदी शुद्धि, अष्ट कुमारियों द्वारा मांगलिक क्रियाएं, संपन्न हुई,आचार्य छत्तीसी विधान हुआ,दुनिया के सबसे सुंदर बनने वाले गुरु मंदिर के लिए लोगों ने दान दिया, गौ ग्रास के लिए वर्ष में एक बार होगा उसके लिए लोगों ने दान दिया, श्री पारसनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में दोपहर में ,घटयात्रा ,वेदी शुद्धि की मांगलिक क्रियाएं हुई इस अवसर पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि पूरे भारत की गौशालाओं को समृद्ध बनाने के लिए गौ ग्रास योजना लागू होना चाहिए भारत की रीढ़ मजबूत करना है तो गाय की रक्षा करो , पृथ्वी पर कोई सम्पदा है तो वह गाय है उसे मौत के घाट उतारा जा रहा है कोई रक्षा नहीं कर पा रहे हैं आचार्य श्री के आशीर्वाद से गायों की रक्षा हो रही है गायों को पालना बंद कर दिया इसलिए कत्लखाने जाने लगी । भारत की धरती पर करोड़ों गोकुल होते थे ,गौ माता बड़ी सयानी है, गायो की रक्षा करे गौशालाओ में भेजे, राष्ट्र की रीढ़ गाय हैं, भारत देश गायों का रव सुनकर गौरव मानता था, गाय का पालन करें यह चेतन धन है सर्वश्रेष्ठ संपदा है, गाय चेतन धन है इसकी सुरक्षा करेंधर्मशास्त्र तो गोधन की महानता और पवित्रता का वर्णन करते ही है किन्तु भारतीय अर्थशास्त्र में भी गोपालन का विशेष महत्व है। कौटिल्य अर्थशास्त्र में गोपालन और गो रक्षण का विस्तृत वर्णन है। भारत में अनादिकाल से ही सभी का मुख्य कर्तव्य गोपालन ही रहा है। प्राचीन काल में जिसके पास ज्यादा गायें होती थीं, वही संपत्ति शाली माना जाता था, गाय से यह देश मंगल का स्थान बन गया था गाय के बिना आज अमंगल हो रहा है देश में। भारत के डॉ., वकील, ग्रंथकार, पत्रकार, बुद्धिजीवी, विद्वान नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, सर्विसमेन, बिजनेस मेन, गाय के पालन में सहयोग करें यह महत्वपूर्ण जीव रक्षा का कार्य है। आजकल गृहस्थों ने गाय रखना बंद कर दी है कार, मकान, दुकान, कपड़े, सप्त व्यसन, जुआं, शराब आदि में पैसा बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन एक गाय नहीं रख पा रहे है। गाय के दूध से कैंसर, कोलेस्ट्राल, हृदय रोग, कोढ़, ब्लडप्रेशर आदि बीमारियां ठीक होती हैं। गाय का दूध बुद्धिवर्धक होता है। 24750 मनुष्य एक गाय के जीवन भर दूध से तृप्त हो सकते है। गाय पर प्रेम से हाथ फेरने से ब्लड प्रेशर ठीक हो जाता है।

# सुसाइट नोट लिखकर प्रधान आरक्षक लापता


**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधिकारियों के अनुसार प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत का स्थानांतरण 26 सितंबर को नरसिंहपुर हो चुका है। हालांकि उसने अभी ज्वाइन नहीं किया है। चर्चा है कि उसने कोर्ट से स्टे ले रखा है। वह सिवनी में सीसीटीएनएस की कार्रवाई देखता था। कोतवाली टीआई किशोर वामनकर का कहना है कि रविवार को प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत के परिजनों ने उनके लापता होने की शिकायत की है। वहीं एक पत्र भी दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बालाघाट थाने में लाखों रुपए के चोरी मामले में है संदिग्ध - बालाघाट कोतवाली थाने से 33 अपराधों में जब्त 55 लाख 13 हजार 100 रुपए नकद और करीब 14 लाख रुपये के जेवरात चोरी होने के मामले में संदिग्ध प्रधान आरक्षक योगेश राजपूत एक पत्र लिखकर घर से लापता हो गया है। परिजनों ने रविवार को कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पत्र में योगेश राजपूत ने एक पुलिस अधिकारी एवं शराब ठेकेदार पर उसने कहा है कि दोनों लोग उसे झूठे केस में फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। पत्र में प्रधान आरक्षक ने लिखा है कि वह एक ईमानदार व्यक्ति है। 18-19 अक्टूबर की दरमियानी रात मेरे घर पर बालाघाट की पुलिस भेज दी गई। इसके पीछे वजह यह है कि मैंने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ हाईकोर्ट में केस लगा रखा है। वहीं शराब ठेकेदार पुरानी रंजिश को लेकर फंसा रहा है। मेरे जाने के बाद मेरे परिवार को परेशान न किया जाए। मैं यह रास्ता खुद चुन रहा हूं। पत्र से यह स्पष्ट है कि प्रधान आरक्षक ने एक तरह से सुसाइड नोट ही लिखा है। बता दे कि बालाघाट जिले के कोतवाली मालखाने में रुपए एवं जेवर चोर होने के मामले में शनिवार- रविवार दरमियानी रात पुलिस ने सिवनी में दबिश दी थी।

आरोपी विकास उर्फ गोलू लाला के घर से 13 लाख रुपए जब्त किए थे। वहीं मामले में संलिप्तता के संदेह पर भैरोगंज महाराज बाग निवासी प्रधान आंरक्षक योगेश राजपूत को नोटिस भी दिया था। हालाकि इस दौरान पुलिस एवं प्रधान आरक्षक के बीच काफी झड़प भी देखने को मिली। पूरी घटना की वीडियो भी सोशल साइट पर वायरल हो रही है।

## झंडी-मुंडी' जुए पर रोक की मांग : प्रबुद्धजनों ने मंडई मेला समितियों से किया आह्वान, कहा- 'भोली-भाली जनता को लुटने से बचाएँ'

**लालबर्रा । क्षेत्र में आयोजित होने वाले मंडई और मेलों में लगने वाले जुए के खेल 'झंडी-मुंडी' को लेकर प्रबुद्धजनों ने मंडई मेला आयोजन समितियों से सख्त कार्रवाई की माँग की है। प्रबुद्ध वर्ग ने समितियों से कहा है कि वे चंद पैसों के लालच में आकर इस तरह के जुआ-सट्टे वाले खेलों को अपने परिसर में अनुमति न दें, ताकि ग्रामीण और भोली-भाली जनता लुटने से बच जाए।**



दरअसल, मंडई और मेलों में 'झंडी-मुंडी' का खेल बड़े पैमाने पर चलता है, जिसमें विशेषकर ग्रामीण इलाकों के सीधे-सादे लोग शामिल होकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा देते हैं। यह एक प्रकार का पासा आधारित सट्टेबाजी का खेल है, जो त्योहारों और मेलों के दौरान अत्यधिक प्रचलित होता है।

प्रबुद्धजनों का तर्क है कि मंडई और मेले हमारी संस्कृति और सामाजिक मेल-मिलाप का केंद्र हैं, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व और अवैध जुआ संचालक चंद रुपए का शुल्क देकर समितियों से अनुमति ले लेते हैं और भोले-भाले लोगों को अपना निशाना बनाते हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ₹मेला समितियों को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझते हुए ऐसे अवैध और समाज को नुकसान पहुँचाने वाले खेलों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाना चाहिए। थोड़े से पैसों के लिए गाँव की भोली-भाली जनता को जुए के दलदल में धकेलना अनुचित है।₹

प्रबुद्धजनों ने प्रशासन से भी यह सुनिश्चित करने की अपील की है कि मंडई स्थलों पर 'झंडी-मुंडी' जैसे जुए के खेलों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और इन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए, ताकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और शांति व्यवस्था बनी रहे।

## भाईदूज पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने लाड़ली बहनों के खाते में अंतरित की 250-250 रुपए की राशि



### बालाघाट जिले की 03 लाख 49 हजार 967 बहनों के खाते में जमा हुई 8.74 करोड़ रुपए की राशि

**बालाघाट** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाई दूज त्यौहार के अवसर पर लाड़ली बहना योजना की बहनों के खाते में सिंगल क्लिक से 250-250 रुपए की राशि हस्तांतरित की है। इसमें बालाघाट जिले की 03 लाख 49 हजार 967 बहनों के खाते में 08 करोड़ 74 लाख 91 हजार 750 रुपये की राशि जमा हुई है।

भाईदूज के त्यौहार पर ग्रामीण क्षेत्रों में विकासखंड बैहर की 19 हजार 701 बहनों के खाते में 49 लाख 25 हजार 250 रुपये, विकासखंड बालाघाट की 37 हजार 989 बहनों के खाते में 94 लाख 97 हजार 250 रुपये, विकासखंड बिरसा की 27 हजार 362 बहनों के खाते में 68 लाख 40 हजार 500 रुपये, विकासखंड कटंगी की 35 हजार 301 बहनों के खाते में 88 लाख 25 हजार 250 रुपये, विकासखंड खैरलांजी की 31 हजार 793 बहनों के खाते में 79 लाख 48 हजार 250 रुपये, विकासखंड किरनापुर की 38 हजार 867 बहनों के खाते में 97 लाख 16 हजार 750 रुपये, विकासखंड लालबर्रा की 37 हजार 823 बहनों के खाते में 94 लाख 55 हजार 750 रुपये, विकासखंड लांजी की 38 हजार 826 बहनों के खाते में 97 लाख 06 हजार 500 रुपये, विकासखंड परसवाड़ा की 22 हजार 522 बहनों के खाते में 56 लाख 30 हजार 500 रुपये एवं विकासखंड वारासिवनी की 33 हजार 504 बहनों के खाते में 83 लाख 76 हजार रुपये की राशि जमा हुई।इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका बालाघाट की 8974 बहनों के खाते में 22 लाख 83 हजार 500 रुपये, नगर पालिका मलाजखंड की 5907 बहनों के खाते में 14 लाख 76 हजार 750 रुपये, नगर पालिका वारासिवनी की 3820 बहनों के खाते में 09 लाख 55 हजार रुपये, नगर परिषद बैहर की 2698 बहनों के खाते में 06 लाख 74 हजार 500 रुपये, नगर परिषद कटंगी की 2456 बहनों के खाते में 06 लाख 14 हजार रुपये तथा नगर परिषद लांजी की 2424 बहनों के खाते में 06 लाख 06 हजार रुपये की राशि जमा हुई है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समाधान ऑनलाईन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की



**बालाघाट** 23 अक्टूबर को समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हेल्पलाईन के अंतर्गत लंबित शिकायतों को सुना और आवेदकों से निराकरण के संबंध में चर्चा की। इस कार्यक्रम में सभी जिलों के कलेक्टर, एसपी एवं अन्य अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनुपपूर, रीवा, डिंडोरी, मंदसौर, धार, मैहर, जबलपुर, अशोकनगर एवं शिवपुरी के आवेदकों की लंबित शिकायतों के संबंध में आवेदकों से चर्चा की और उनके निराकरण की जानकारी ली। इसमें आहार अनुदान नही मिलने, निःशक्त छात्र को लैपटॉप नही मिलने, छात्रवृत्ति नही मिलने, कुटीर उद्योग की अनुदान राशि नही मिलने, प्रसूति सहायता नही मिलने, भू-अर्जन की राशि नही मिलने जैसी शिकायतें थी। इस दौरान उन्होंने अनावश्यक रूप से शिकायत के लंबित रहने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दौरान सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का एक माह के भीतर निराकरण कराएँ। भावांतर योजना, समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी उपार्जन एवं किसानों को खाद बीज वितरण पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि कोदो कुटकी की खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की तिथि 31 अक्टूबर तक बढ़ायी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 15 नवम्बर को बिरसा मुण्डा जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने तथा 01 नवम्बर को प्रदेश स्थापना दिवस पर रोजगार एवं व्यवसाय की थीम पर जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्षा काल अब समाप्त हो गया है। अतः सड़को के गड्ढे एवं सुधार व मरम्मत कार्य शीघ्रता से पूर्ण कराए जाए। नगरीय क्षेत्रों में भी सड़को का सुधार कार्य नगरीय निकाय द्वारा कराया जाए। इस कार्यक्रम में एनआईसी वीडियों कांफ्रेंस रूम में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कोदो कुटकी उपार्जन के लिए 146 किसानों ने कराया पंजीयन

**बालाघाट** मध्यप्रदेश शासन द्वारा रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश में पहली बार कोदो-कुटकी का समर्थन मूल्य पर उपार्जन करने की व्यवस्था की जा रही है। कोदो-कुटकी की समर्थन मूल्य पर खरीदी के लिए 15 जिलो को चिन्न्हित किया गया है, इसमें बालाघाट जिला भी शामिल है। उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि समर्थन मूल्य पर कोदो कुटकी उपार्जन के लिए बालाघाट जिले में आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था बैहर, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था उकवा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित पायली, सेवा सहकारी समिति मर्यादित दमोह एवं सेवा सहकारी समिति मर्यादित सालेटेकरी में किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। अब तक 146 किसानों ने अपना पंजीयन करा लिया है। जिले के कोदो-कुटकी उत्पादक किसान अपने उपज को बेचने के लिए इन संस्थाओं के माध्यम से पंजीयन करवा सकते है। कोदो-कुटकी विक्रय के लिए वन पट्टाटाधारी कृषक भी पंजीयन करा सकते है। कोदो कुटकी की फसल लगाने वाले किसानों से अपील की गई है कि वे शीघ्रता से अपना पंजीयन करा ले।

### 01 हजार रुपए प्रति क्विंटल मिलेगी प्रोत्साहन राशि

श्री अन्न उत्पादक जिले के कृषकों से श्री अन्न कंसोर्टियम ऑफ फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड (श्री अन्न फेडरेशन) द्वारा कोदो-कुटकी का उपार्जन किया जायेगा। खरीफ-2025 में उत्पादित श्री अन्न कुटकी 3500 रूपये प्रति क्विंटल एवं कोदो 2500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा जायेगा। इसके अतिरिक्त कृषको को प्रोत्साहन राशि के रूप में 1000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से संबंधित कृषकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से प्रदाय किया जायेगा।

## किसानों की मांग जब तक पूरी नहीं होगी हम सरकार से हक के लिए लड़ते रहेंगे-विवेक पटेल



### ग्राम थानेगांव, गटापायली, नांदगांव और नवेगांव तीन में दुय्यम शायरी में शामिल हुए विधायक विवेक पटेल

**वारासिवनी।** मुझे क्षेत्र की जनता जो काम बोलती हैं, उसे मै करवाता हूँ। राजनीति में जनता ही सब कुछ है, जनता जिसे गद्दी में बैठाती हैं, उसे नीचे उतार भी देती हैं। जनता जो चाहती है, वहीं होता है, चाहे राजनीति हो या फिर कोई अन्य कार्य हो। जनता अच्छे-अच्छे नेताओं और अधिकारियों को गद्दी से उतार देती हैं। इसलिए किसी को भी किसी चीज का घमंड नहीं करना चाहिए।

इस आशय के उद्गार वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल ने ग्राम थानेगांव, गटापायली, नांदगांव और नवेगांव तीन में दुय्यम शायरी के कार्यक्रम में जनता को सम्बोधन के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राजनीति में किसी के साथ भेदभाव नही करेंगे। मेरे क्षेत्र में विकास को लेकर कोई भेदभाव नही किया जायेगा, राजनीति एक अलग विषय है, हम सभी के साथ मिलकर क्षेत्र का विकास करेंगे।

**हमारे गाँव की शान होती है मंडई मेला- विवेक पटेल**

विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि मंडई मेले में हमें एक दूसरे से मुलाकात करने का मौका मिलता हैं, मंडई मेला भारतीय संस्कृति की धरोहर है। मंडई मेला गाँव की शान होती हैं, फसल कटाई के बाद फसल को जब अपने घर में लाते हैं, उसकी खुशहाली के रूप में हम अपने गांव में मंडई का आयोजन करते हैं। गाँव में आपसी समरसता, भाईचारा बढिय़ा माहौल हो इसलिए मंडई का आयोजन किया जाता है। मंडई का त्यौहार लोगों के जीवन को खुशियों से भर देता है, यह त्यौहार न सिर्फ मजेदार और मनमोहक होता है, बल्कि यह राज्य की समृद्धि, परंपरा और संस्कृति को भी दर्शाता है। खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में लोग इस त्यौहार को काफी उत्साह और आनंद के साथ मनाते हैं।

**चुनाव के पूर्व 3100 रुपये का वादा कर मुकर गए भाजपाई**

उन्होंने कहा कि चुनाव के पूर्व भाजपा के प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर किसानों से जो वादे किए थे, उन वादों से अब वे मुकर गए है। भाजपा का कोई भी जनप्रतिनिधि अब किसानों के साथ खड़ा नहीं है, कोई बोलने वाला नहीं है। कांग्रेस विधायक द्वारा जब किसानों की मांग को सरकार तक पहुंचाया जाता हैं, तो हमारी आवाज को दबा दिया जाता है। किसानों ने इकतीस सौ रुपए प्रति क्विंटल खरीदने नहीं कहा था, सरकार नहीं बनने वाली थी, इसलिए भाजपा वालो ने किसानों से झूठे वादे किए थे और प्रदेश में सरकार बना लिए है।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में खैरलॉजी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोकुल प्रसाद गौतम, खैरलॉजी जनपद उपाध्यक्ष दुर्गाप्रसाद लिल्हारे, सरपंच महेंद्र राणा, पूर्व मंडी अध्यक्ष विजय सहारे, तेजराम नगपुरे, देवी लिल्हारे, राहुल प्रियंका गॉधी विचार मंच जिला अध्यक्ष जावेद अली,पवन चिखले, राजकुमार चौधरी, अशोक लिल्हारे, सत्तू बिसेन, मनीष धुवारे सहित ग्रामवासी मौजूद रहे।



## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गोवर्धन पूजा व अन्नकूट पर्व



### बड़ा श्रीराम मंदिर व हनुमान मंदिर में हुआ महाप्रसाद का वितरण

**वारासिवनी।** गोवर्धन पूजा और अन्नकूट पर्व के अवसर पर नगर के बड़ा श्री राम मंदिर एवं सराफा बाजार स्थित सिद्ध मनोकामना पूर्ति श्री हनुमान मंदिर में महा प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर एवं क्षेत्र में अनेक स्थानों के मंदिरों में गोवर्धन पूजा पर्व के अवसर पर गोवर्धन पूजा के बाद अन्नकूट के प्रसाद का वितरण किया गया।

पुरानी परंपरा के अनुरूप गोवर्धन पूजा के दिन मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद तैयार किया जाता है और भक्तों को बड़े ही स्नेहपूर्वक परोसा जाता है। इस दौरान श्रद्धालु मंदिरों में आकर भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन पर्वत उठाने की लीलाओं का स्मरण करते हैं और पूजा अर्चना करते हैं। मंदिरों में गोवर्धन पूजा का यह पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस दिन भक्तजन प्रसाद बनाकर सबको वितरित करते हैं। लोग बैठकर पंगत (पंक्ति) में प्रसाद ग्रहण करते हैं, जिससे आपसी प्रेम, एकता और सेवा भावना का संदेश मिलता है। इसी कड़ी में स्थानीय बड़ा श्रीराम मंदिर में भी अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भगवान श्रीराम व उनके संपूर्ण परिवार की पूजा अर्चना की गई और फिर महाप्रसाद का भोग लगाया गया। उसके बाद नगर के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन में मंदिर से नियमित रूप से जुड़े हुए भक्तों के अलावा पूरे क्षेत्र से बड़ी संख्या में भक्त एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वारासिवनी का अन्नकूट कार्यक्रम नगर सहित क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है। यहां दूर-दूर से नगरवासी व जनप्रतिनिधि भी प्रसादी ग्रहण करने पहुंचते है, जो मंदिरों में दर्शन कर प्रसाद ग्रहण करते हैं। यह आयोजन सामाजिक सौहार्द और धार्मिक आस्था का अद्भुत संगम प्रस्तुत करता है। शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भक्त समितियों ने व्यवस्था, सजावट और सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी संभाली। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाएं जैसे कि संत निरंकारी मिशन के द्वारा इस पावन पर्व पर प्रसादी परोस कर सेवा और सहयोग में जुटी रही। संत निरंकारी मिशन नगर में विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, शोभायात्रा में कभी जल वितरण, कभी शीतल पेय वितरण में मिशन के सभी पुरुष युवा महिलाएं सेवा करते नजर आती है। सर्व जल वाटर के प्रोपराइटर योगेश यादव ने भी निशुल्क पानी की व्यवस्था की सेवा संभाली। इसके साथ ही वारासिवनी नगर के श्री सिद्ध हनुमानलला मनोकामना पूर्ति मंदिर सराफा बाजार परिसर में दीपोत्सव के अंतर्गत भव्य अन्नकूट महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सनातन परंपरा के अनुसार महाप्रसाद तैयार होने के बाद सबसे पहले लड्डू गोपाल जी और श्री हनुमानलला को भोग लगाया गया और आरती की गई। श्री हनुमान जन कल्याण समिति द्वारा इस आयोजन में आने वाले भक्तों की हर सुविधा और व्यवस्थित प्रसाद वितरण के लिए सारी तैयारियां पूरे समय तत्परता से पूरी की। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दूर.दूर से हनुमानलला के भक्तों का आगमन देर शाम तक बना रहा। बता दें कि वारासिवनी नरेश के नाम से प्रसिद्ध यहां विराजमान हनुमानलला बहुतसिद्ध और जाग्रत स्वरूप में मनोकामना पूर्ति करते हैं।

## खेत के कुएं में मिली पति-पत्नि की लाश

### गिरे या कूदे ? जॉच जारी घटना कटंगझरी की, खेत की तिल्ली काटने गए थे दंपत्ति



**वारासिवनी।** लालबर्रा क्षेत्र के ग्राम कटंगझरी के एक खेत के कुएं में पति पत्नी का शव संदिग्ध हालत में मिलने से सनसनी फैल गई है। जानकारी अनुसार ग्राम कटंगझरी निवासी 42 वर्षीय नंदकिशोर बाहेश्वर अपनी पत्नी 38 वर्षीय श्याम कला बाई बाहेश्वर व 14 वर्षीय पुत्र इशांत बाहेश्वर के साथ 22 अक्टूबर को सुबह लगभग 11 बजे अपने खेत में लगी तिल्ली को काटने गए हुए थे।

तिल्ली काटने के बाद बेटा इशांत कुछ बोझे लेकर घर आ गया और माता पिता की रास्ता देखने लगा। लेकिन जब माता पिता शाम तक घर नहीं आए, तो वह अपने साथियों के साथ माता-पिता को देखने के लिए वापस खेत गया। लेकिन वह दोनों वहां भी दिखाई नहीं दिए। तब उन्होंने दोनों को ढूंढना शुरू किया, इस बीच गांव में उनके लापता होने की खबर फैलने पर ग्रामीणजन भी खेत में पहुंच गए। सबने मिल कर उन्हें खोजना शुरू किया और संदेह होने पर जब खेत के कुएं में देखा गयाए तो दोनों पति पत्नी का शव नजर आया। जिसे ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाला गया और पुलिस को सूचना दी गई।

इस घटना में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि दोनों पति पत्नी कुएं में गिरे है या फिर कूदे? जिस कुएं में पति पत्नी का शव मिला, वह खेत के बराबर समतल है। ग्रामीणों द्वारा अनुमान लगाया जा रहा है कि शाम के अंधेरे में शायद पत्नी कुएं में गिर गई होगी और उसे बचाने के लिए पति भी कुएं में कूदा होगा। लेकिन दोनों फिर बाहर नहीं निकल पाए और उनकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस ने दोनों मृतकों का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल वारासिवनी में करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

### गोवर्धन पूजा में शामिल हुए विधायक विवेक पटेल

**वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बिठली गौशाला में गोवर्धन पूजा का पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। इस गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल शामिल हुए। विधायक श्री पटेल के पहुँचने पर जनपद पंचायत वारासिवनी की सीईओ कुमारी दीक्षा जैन द्वारा पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया गया। जिसके बाद विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा गौ माता की पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई और उन्हें चारा खिलाया। इस मौके पर सरपंच फागूलाल मरठे द्वारा गौ शाला में टिन शेड बनवाने की मांग विधायक श्री पटेल से की। जिस पर विधायक श्री पटेल ने उन्हें आश्वस्त किया कि बहुत जल्द ही गौ शाला परिसर में टिन शेड का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि कमलनाथ जी जब प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तब प्रदेश में गाय की सुरक्षा और देखरेख के लिए प्रदेश में हजारों गौ शाला खोली गई थी। उन्हीं के कार्यकाल में ग्राम बिठली में गौ शाला खोली गई थी। उनका उदेश्य था कि जो गाय को पाल नहीं सकते, उन्हें गौ शाला लाना और समिति उनकी सेवा करेगी। गाय से समिति को आय भी प्राप्त होती थी, मगर अभी की भाजपा सरकार के राज मेंगौ शाला की स्थिति दयनीय हो चुकी हैं, प्रदेश में कई गौ शाला बंद हो गई है। भाजपा के राज में गाय की रक्षा नहीं होने के कारण उनकी हत्या हो रही है, गौ शाला में व्यवस्था नहीं होने के कारण भूख से गायों की मौत हो रही है। जिन समितियों द्वारा गौ शाला की देखभाल की जाती थी, वह समितियॉ नुकसान होने के कारण अपना काम बंद कर चुकी है।

## खबर संक्षेप

### सीएम राईज बालाघाट प्रांगण में 28 अक्टूबर को रोजगार मेले का आयोजन

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन में सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा युवा संगम कार्यक्रम अंतर्गत संयुक्त रूप से रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन 28 अक्टूबर को सांदीपनी विद्यालय (सीएम राईज) बालाघाट के प्रांगण में किया जा रहा है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र की महाप्रबंधक श्रीमती प्रीति मर्सकोले ने इस संबंध मे जानकारी देते हुए बताया है कि इस रोजगार मेले में शामिल होने के इच्छुक आवेदक अपनी समस्त शैक्षिणक योग्यता के प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो आदि लेकर मेले में उपस्थित हो सकते हैं। रोजगार मेले का आयोजन प्रातः 10:30 बजे से सायं 04 बजे तक किया जायेगा। मेले में टाटा इलेक्ट्रानिक, टाटा मोटर्स एवं सुनसूर सृष्टि इंटरप्राइजेस एवं अन्य कंपनियों द्वारा चयनित आवेदकों को संबंधित कम्पनियों के नियमानुसार मासिक वेतन, भत्ते एवं कम्पनी द्वारा निर्धारित अन्य सुविधाऐं प्रदान की जाएगी। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के प्रकरण तैयार कराये जायेगें एवं मार्गदर्शन दिया जायेगा। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं से अपील है कि गई है कि वे इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर रोजगार के अवसर का लाभ लें।

### 24 अक्टूबर को आहरण संवितरण अधिकारियों के लिए एसएनए माड्यूल का प्रशिक्षण

**बालाघाट।** जिला कोषालय अधिकारी श्री अमित मेरावी से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत प्रचलित केंद्र प्रवृत्ति योजनाओं को एसएनए-SPARSH प्रणाली में ऑनबोर्ड किया गया है। जिसके लिए 24 अक्टूबर को ई-दक्ष केंद्र बालाघाट में प्रातः 11 बजे से आहरण संवितरण अधिकारी एवं उनके सहयागी कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण में उन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उपस्थित होना है जिनके द्वारा केंद्र शासन की योजनाओं की राशि का आहरण किया जाता है।